# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 20 जुलाई 2025

संवत 2082, श्रावण कृष्ण 10 संवत मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 316 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ फैमिली बजट प्लान करते समय इन बातों का रखें घ्यान

शादी को लेकर समाज की सोच बदल रही : फातिमा सना शेख ◀◀ 6


# अवैध संबंध के शक में पत्नी ने की पति की हत्या, पहले गला रेता फिर लगायी आग

## घटना को अंजाम देने के बाद पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ हुई फरार

संवाददाता

**सरायकेला:** आदित्यपुर में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। आदित्यपुर के सतबहनी धीराजगंज में पत्नी ने अवैध संबंध के शक में पति की गला रेतकर और जलाकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह बच्चों के साथ फरार हो गई। मृतक की पहचान राजेश कुमार चौधरी के रूप में हुई है, जो गिरिडीह का रहने वाला था। वह कोलाबीरा स्थित डीडी स्टील का लैब टेक्नीशियन था। राजेश ने सोमवार से ही पत्नी के साथ रहना शुरू किया था। इससे पहले वह अकेले रहता था।

जानकारी के अनुसार, राजेश अपने दोस्तों के साथ पहले समृद्धि अपार्टमेंट में रहता था। सोमवार को उसकी पत्नी और उसके तीन छोटे बच्चे आदित्यपुर पहुंचे। पत्नी ने उसे साथ रखने का दबाव बनाया। इसके बाद राजेश ने गोरांगो मुखी नामक व्यक्ति से किराये पर मकान लिया। आसपास के लोगों की मानें तो राजेश से प्रतिदिन उसकी पत्नी झगड़ा करती थी। इस बीच गुरुवार को कोई व्यक्ति उसके घर आया।

पड़ोस की दुकानदार की मानें तो राजेश उसके यहां पनीर खरीदने आया था। उसने बताया था कि उसका साला आया है। संभवतः उसी रात उस अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उसकी पत्नी ने राजेश कुमार चौधरी की हत्या कर दी। हत्या के बाद अपने बच्चों को लेकर उस अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गई। पुलिस भी हत्या के पीछे उसकी पत्नी का हाथ होने की बात कह रही है, क्योंकि हत्या के बाद दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया गया था। शनिवार को दुर्गंध आने के बाद घटना का पता चला।



मृतक का भाई रायपुर में रहता है। उसके अनुसार राजेश की पत्नी कुछ दिन पहले ही गिरिडीह स्थित घर गई थी और वहां झगड़ा करते हुए कहा था कि राजेश के साथ अब नहीं रहेगी। उसका आचरण ठीक नहीं है। ससुराल से अपने बच्चों को लेकर आदित्यपुर पहुंच गई थी।

**कमरे से बदबू आने के बाद पुलिस को दी गई जानकारी:** गिरिडीह के राजेश कुमार चौधरी सोमवार को ही अपनी पत्नी और बच्चे के साथ गोरांगो मुखी के घर किराए पर रहने आया था। शनिवार सुबह कमरे से बदबू आने पर आसपास के लोग पहुंचे तो देखा कि राजेश कुमार चौधरी का शव खून से लथपथ पड़ा है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया और आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की दल-बल के साथ पहुंचे और जांच में जुट गए। पूर्व वार्ड पार्षद अभिजीत महतो ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कुछ दिन पहले ही यहां रहने आया था। घटना के बाद से उसकी पत्नी और बच्चे गायब हैं। पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि प्रथम दृष्टया संदेह पत्नी पर ही है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जल्द खुलासा किया जाएगा।



## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को ट्रेलर ने मारी टक्कर चार की मौत, बाबा धाम जा रहे थे श्रद्धालु

**बलिया :** नरहीं थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से रविवार की दोपहर में 25 श्रद्धालु पिकअप वैन पर सवार होकर बाबा धाम जलाभिषेक करने जा रहे थे। बिहार के बेगूसराय में ट्रेलर ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लाची देवी (45) पत्नी मुघुन राजभर और हरेंद्र राजभर (60) की मौके पर मौत हो गई। वहीं, मुघुन राजभर (48) और घुरूहू राम (45) एंबुलेंस से घर आते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मुघुन राजभर की पत्नी लाची देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। ग्राम प्रधान बृज नारायण राजभर सहित 21 घायलों को घर लाने के बाद इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। मृतकों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना के बाद तेतारपुर गांव में कोहराम मच गया है। इस दर्दनाक हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो गई है।

## बोकारो में मिला हथियारों का जखीरा इंसास राइफल और एसएलआर बरामद



**बोकारो:** जिले से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। यहां के माओवादी प्रभावित बिरहोड़ेरा जंगल में शनिवार को एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने बताया कि यह अभियान हाल में क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद शुरू की गई तलाशी प्रक्रिया का हिस्सा था। एसपी के अनुसार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिला सशस्त्र पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान एक राइफल (एसएलआर), 20 कारतूस, एक इंसास राइफल की मैगजीन, एक एसएलआर मैगजीन, कोडेक्स वायर के दो बंडल और एक डेटोनेटर बरामद किया गया। गोमिया थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बिरहोड़ेरा जंगल में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गये थे और सीआरपीएफ एक जवान शहीद हो गया था।

## लातेहार जिला मुख्यालय में घुसा झुंड से बिछड़ा हाथी, जमकर की तोड़फोड़,घरों को पहुंचाया नुकसान, फसल खाया



**लातेहार:** रविवार की सुबह झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी लातेहार जिला मुख्यालय पहुंच गया। हाथी के शहरी क्षेत्र में घुसने से वन विभाग भी सकते में आ गया। जंगली हाथी ने कई लोगों के घरों और बाउंड्री को नुकसान पहुंचाया। हाथी को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते हाथी को भगाने में वन विभाग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, झुंड से अलग हुआ एक जंगली हाथी पिछले दो-तीन दिनों से लातेहार जिले के अलग-अलग प्रखंडों में आतंक मचाए हुए हैं। शनिवार रात को लातेहार सदर प्रखंड के बेसरा गांव के आसपास था और लगभग दो ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी के आतंक के कारण रात भर ग्रामीण परेशान रहे। मुखिया संजय उरांव के द्वारा वन विभाग को भी इसकी सूचना दी गई और खुद भी ग्रामीणों की मदद से हाथी को गांव से दूर भगाने का प्रयास किए। मुखिया और वन विभाग की टीम के प्रयास से जंगली हाथी गांव से तो भाग गया लेकिन रविवार को हाथी लातेहार जिला मुख्यालय में पहुंच गया। इस दौरान हाथी ने एक ग्रामीण के घर का गेट तोड़कर अंदर घुस गया और अनाज चट कर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह से ही हाथी जिला मुख्यालय में आतंक मचा रखा है। शहर के धर्मपुर में एक व्यक्ति का बाउंड्री तोड़ने के बाद जब लोगों ने हल्ला मचाया तो हाथी औरंगा नदी की ओर भागा। लेकन थोड़ी ही देर बाद हाथी वापस शहर की ओर मुड़ गया और स्टेशन रोड की ओर चला गया।

## एक ही परिवार के पांच लोगों ने की सामूहिक आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद के ग्रामीण इलाके बगोदरा में एक ही परिवार के पांच सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, बगोदरा में एक दंपति ने अपने एक बेटे, दो बेटियों के साथ सामूहिक आत्महत्या कर ली। बागोदरा पुलिस ने पूरी घटना की गहन जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतक परिवार मूल रूप से धोलका का रहने वाला था और बगोदरा गांव में किराए के मकान में रह रहा था। परिवार में पति-पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा था। अहमदाबाद ग्रामीण के एसपी ने बताया कि परिवार के पांच सदस्यों ने जहरीला तरल पदार्थ पीकर सामूहिक आत्महत्या की है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।बागोदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान विपुल वाघेला (32), उनकी पत्नी सोनल (26) और उनके बच्चों करीना (11), मयूर (8) और राजकुमारी (5) के रूप में हुई है।





घटना की सूचना मिलते ही बगोदरा पुलिस और 108 आपातकालीन सेवा तुरंत मौके पर पहुंच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी), विशेष अभियान समूह (एसओजी) मौके पर पहुंच गए हैं। मामला की जांच की जा रही है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि विपुल कांजी वाघेला रिक्शा चलाने का काम करता था।

अहमदाबाद (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया कि यह घटना बगोदरा गांव में हुई और पुलिस को इसकी सूचना सुबह करीब 2 बजे मिली। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या की। उन्होंने कहा कि इस आत्मघाती कदम के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया है।

## समुद्र बना मौत का दरिया, पर्यटकों से भरा क्रूज डूबा, अबतक 37 की मौत, शोक की लहर



**नई दिल्ली:** वियतनाम में एक भीषण हादसे में पर्यटकों से भरा एक क्रूज जहाज समुद्र में पलट गया है जिससे अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है। यह दुखद घटना शनिवार को क्वांग निन्ह प्रांत के प्रसिद्ध हा लॉन्ग खाड़ी में तब हुई जब जहाज एक भयंकर तूफान की चपेट में आ गया। बचाव अभियान अभी भी बड़े पैमाने पर जारी है क्योंकि दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। यह घटना शनिवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। अधिकारियों ने बताया कि जहाज का सामना एक शक्तिशाली तूफान से हुआ और दोपहर 2:05 बजे तक जहाज का अधिकारियों से संपर्क टूट गया और वह खाड़ी के पानी में डूब गया। जहाज में सवार थे 48 यात्री: हादसे के समय क्रूज जहाज में 48 यात्री सवार थे जिनमें 24 पुरुष और 24 महिलाएँ थीं। बताया जा रहा है कि इनमें से कई यात्री युवा और बच्चे थे। ज्यादातर यात्री वियतनाम से ही थे जो राजधानी हनोई से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हा लॉन्ग खाड़ी घूमने आए थे।





## एक के बाद एक तीन झटके, 7.4 की तीव्रता से दहला रूस, प्रशांत महासागर में सुनामी का अलर्ट

**मास्को :** रूस के सुदूर पूर्वी तट पर रविवार को एक के बाद एक भूकंप के तीन शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, सबसे शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.4 मापी गई।

यूएसजीएस के मुताबिक, पहला झटका 5.0 की तीव्रता का था। इसके कुछ ही देर बाद, भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 12:19 बजे (06:49 यूटीसी) पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 144 किलोमीटर पूर्व में 7.4 की तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया। यह भूकंप 20 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था।

इस सबसे शक्तिशाली झटके के तुरंत बाद, यूएसजीएस ने सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप के केंद्र के 300 किलोमीटर के दायरे में प्रशांत महासागर में खतरनाक सुनामी की लहरें उठने की आशंका है।

इसके कुछ ही मिनटों बाद, दोपहर करीब 12:37 बजे (07:07 यूटीजी) 6.7 की तीव्रता का तीसरा भूकंप आया, जो पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 151 किलोमीटर पूर्व में 8.7 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था।

इससे पहले, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने भी रूस के कामचटका क्षेत्र के तट के पास 6.6 तीव्रता के भूकंप की सूचना दी थी, जिसकी गहराई 10 किमी बताई गई थी।

# भारतीय सीमा पर चीन बना रहा वॉटर बम , युद्ध के समय मचा सकता है भीषण तबाही,भारत की बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली :** भारत के साथ सीमा पर तनाव के बीच चीन ने एक और बड़ी चाल चली है। चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाना शुरू कर दिया है। भारतीय सीमा के बेहद करीब बनाए जा रहे इस विशालकाय बांध ने भारत की रणनीतिक चिंताएं बढ़ा दी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बांध असल में चीन का एक वॉटर बम है, जिसे वह युद्ध जैसी स्थिति में भारत के खिलाफ एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है।

**कहां बन रहा है यह विशाल बांध? :** चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने इस बांध के निर्माण का ऐलान किया है। यह बांध तिब्बत के न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी (जिसे चीन में सांगपो नदी कहा जाता है) के निचले क्षेत्र में बनाया जा रहा है। यह वही जगह है जहां हिमालय की एक विशाल घाटी में ब्रह्मपुत्र नदी एक बड़ा यू-टर्न लेकर भारत के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती है। यह बांध 167.8 अरब डॉलर की भारी-भरकम लागत से बनाया जा रहा है और इससे हर साल 300 अरब किलोवाट घंटे से अधिक बिजली पैदा होने की उम्मीद है।



**भारत की चिंता क्यों? :** चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे इस विशाल बांध ने भारत के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं, जिसे वॉटर बम के खतरे के रूप में देखा जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि बांध के निर्माण से ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह पर चीन का पूर्ण नियंत्रण हो जाएगा। भारत को यह गंभीर आशंका है कि चीन इस नियंत्रण का दुरुपयोग कर सकता है और युद्ध जैसी स्थिति में एक हथियार के तौर पर बड़ी मात्रा में पानी छोड़कर भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर अरुणाचल प्रदेश और असम में, विनाशकारी बाढ़ ला सकता है। इसके अलावा, यह बांध जिस इलाके में बन रहा है, वह टेक्टोनिक प्लेट्स के लिहाज से भी बेहद संवेदनशील है, जिससे यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है, जो इस वॉटर बम के खतरे को और भी बढ़ा देता है। साल 2020 में एक ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक ने भी अपनी रिपोर्ट में आगाह किया था कि चीन तिब्बत के पठार से निकलने वाली नदियों को नियंत्रित करके भारत के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

**भारत का पक्ष:** चीन की इस हरकत के जवाब में भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक बड़ा बांध बना रहा है। गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच सीमा पार नदियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 2006 में एक विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) बनाया गया था। इसके तहत चीन बाढ़ के मौसम में भारत को ब्रह्मपुत्र और सतलुज नदी से जुड़ा डेटा प्रदान करता है। हालांकि, चीन के इस नए विशालकाय बांध के बन जाने के बाद यह तंत्र कितना कारगर रहेगा, यह एक बड़ा सवाल है।

न्यूज IN ब्रीफ



## बैंक ऑफ इंडिया ने किया किसान माह समारोह का आयोजन

**चतराः** बैंक ऑफ इंडिया, विकास भवन शाखा परिसर में शनिवार को किसान माह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं एवं वित्तीय सशक्तिकरण की जानकारी देना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक (ऋण वसूली विभाग) खीरोध चंद्र साहु उपस्थित थे। इनके साथ अग्रणी जिला प्रबंधक अहसन अहमद, जेएसपीएलएस के जिला प्रबंधक (वित्तीय समावेशन) आमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक चतरा शाखा चंद्रकांत मनी, शाखा प्रबंधक हेमंत कुमार, स्टार कृषि विकास केंद्र से प्रवीण कुमार, किसान एवं महिला स्वयं सहायता समूह (सखी मंडल) की सदस्यगण उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत में अग्रणी जिला प्रबंधक अहसन अहमद ने उपस्थित किसानों एवं समूह की महिलाओं को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के संचालन, पात्रता, ऋण माफी योजना एवं बैंकिंग नियमों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। इसके उपरांत जेएसपीएलएस के जिला प्रबंधक आमोद कुमार सिंह ने स्वयं सहायता समूहों और किसानों को बैंक ऋण की प्रक्रिया, ऋण की उपयुक्तता, समय पर चुकौती (रिपेमेंट) और ब्याज अनुदान योजना की विस्तृत जानकारी दी।मुख्य अतिथि उप आंचलिक प्रबंधक खीरोध चंद्र साहु ने बैंकिंग प्रणाली, कृषि ऋण, ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों के लिए ऋण प्रक्रिया की जानकारी दी और किसानों को बैंक से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में किसानों के बीच ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। साथ ही दो लाभुकों को ट्रैक्टर हेतु ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।यह कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। उपस्थित जनसमूह ने बैंक अधिकारियों की पहल की सराहना की।

## आहार टूटने से किसानों की बढ़ी परेशानी, यातायात बाधित



**चतराः** हंटरगंज प्रखंड के उरैली गांव में चार दिन पूर्व हुए अति वृष्टि के कारण कई आहार क्षतिग्रस्त हो गए ।जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान उरैली बुढ़वा आहर के नाम से जो प्रसिद्ध है ।उसमें कई जगहों पर दरार हो गया तथा एक जगह आधा पिंड टूटकर बह गया है ।जिसके कारण आहार का पानी भी बह गया और आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रहा है । इस संबंध में स्थानीय मुखिया संजय सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य रिता देवी ने अंचल अधिकारी हंटरगंज तथा प्रमुख ममता कुमारी से आहार की मरम्मती आपदा प्रबंधन से करवाने की मांग की है। इस दौरान बताया कि इसी आहार से किसानों की फसल की बुआई और रोपाई तथा समय समय पर सिंचाई किया जाता था। वही आने जाने वाले लोगों को भी यह पिंड रास्ता के रूप में काम दे रहा था ।आहार का पिंड टूट जाने से खासकर बच्चों को स्कूल जाना मुश्किल हो गया है । पंचायत समिति सदस्य रिता देवी ने बताया कि आहार का निर्माण नहीं हुआ तो बारिश होने के बाद सारा पानी बहकर लीलाजन नदी में चला जाएगा और किसानो को भारी क्षति होगा।इस संबंध में स्थानीय मुखिया ने बताया कि मुखिया का फंड में डेढ़ वर्षो से राशि नहीं आ रहा है । जिसके कारण मरम्मती का कार्य नहीं किया जा सकता है ।वही आपदा प्रबंधन से इसे बनवाने का आश्वसन दिया है।

## चतरा जिला उत्तरी वन प्रमंडल ने भेड़ी फार्म डैम पर मनाया 76वां वन महोत्सव



**चतराः** उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा भेड़ी फार्म डैम स्थित परिसर में शनिवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चतरा सांसद काली चरण सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी,सीसीएफ हजारीबाग आर एन मिश्रा, डीएफओ उत्तरी प्रमंडल राहुल मीणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपस्थित चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, चतरा (उत्तरी वन प्रमंडल) के सहयोग से पीपल का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सड़क किनारे और गांव-गांव में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए सीसीएफ हजारीबाग आर एन मिश्रा ने चतरा जिले में वन स्थिति रिपोर्ट 2023-24 में चतरा में कम क्षेत्र में कमी के जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि वन क्षेत्र में यह कमी कुछ खास स्थानों पर अंकित की गई है जिसके लिए वन विभाग तत्परता से कार्य कर रहा है। चतरा उत्तरी वन प्रमंडल के डीएफओ राहुल मीणा ने वन महोत्सव के आयोजन पर कहा कि आम लोगों में जन जागरूकता फैलाने में महोत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## मूसलाधार बारिश से कई गरीब का आसियाना ध्वस्त

गिद्धौर(चतरा): प्रखंड में तेज मूसलाधार बारिश से बरियातू पंचायत अंतर्गत भुरकुंडा गांव निवासी मालती देवी पति छोटू भुइयां, मानव देवी पति राजेंद्र भुइयां, मुनिया देवी पति राजू भुइयां,का कच्चा मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया।पीड़ित सभी परिवार एक ही मकान के एक-एक रूम में अपने बच्चों के साथ जीवन बसर कर रहे थे। शुक्रवार को अचानक तेज मूसलाधार बारिश होने लगी और देर रात लगभग 12:00 बजे मिट्टी का मकान धड़ धड़ा कर गिर गया। जिससे घर में सोए पूरे परिवार और उनके छोटे-छोटे मासूम बच्चे की जान बाल बाल बच गई।

### इंडिया गठबंधन के 24 दलों की ऑनलाइन बैठक

# सीएम हेमंत भी हुए शामिल, पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र पर बोला हमला

संवाददाता

**रांचीः** बीते शनिवार को हुई इंडिया गठबंधन की ऑनलाइन बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला।

सीएम हेमंत ने कहा कि देश को यह जानने का भी अधिकार है कि इस घटना को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत और स्पष्ट समर्थन का अभाव क्यों रहा? हमारी विदेश नीति इतनी लचर क्यों रही? सीएम हेमंत ने पहलगांव हमले को कायराना करार देते हुए सवाल उठाया कि आखिर देश की विदेश नीति इस संकट के समय इतनी कमजोर




क्यों नजर आई। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह न केवल देश को स्पष्ट जानकारी दें, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी प्रभावी प्रतिक्रिया दे। चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर हेमंत सोरेन ने कहा कि, बिहार में जिस तरह से एसआईआर प्रक्रिया चलाई जा रही है, उससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और अपने राजनीतिक लाभ के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन केंद्र सरकार की हर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एकजुट और प्रतिबद्ध है।

बता दें कि संसद के मॉनसून सत्र से पहले सरकार को घेरने की रणनीति को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के 24 दलों के प्रमुख नेताओं ने बीते शनिवार को ऑनलाइन बैठक की। इसमें पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर को अचानक रोके जाने, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे, बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कई अन्य मुद्दों को लेकर संसद के मॉनसून सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की गई। संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से आरंभ हो रहा है और 21 अगस्त कुल 21 बैठक प्रस्तावित हैं।

**24 दलों के प्रमुख नेता मीटिंग में शामिल हुएः** बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और कुछ अन्य नेता शामिल हुए।

### रांची और खूंटी में कांग्रेस का संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प

संवाददाता

**रांचीः** संगठन सृजन वर्ष 2025 को लेकर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने आज पुराने विधानसभा सभागार में संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रांची ग्रामीण और खूंटी जिला ग्रामीण के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण के मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार राज्य से लेकर पंचायत तक पार्टी पदाधिकारियों को कुल लगभग 54 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं, जो अगले 03 वर्षों तक प्रभावी रहेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

अपने संबोधन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कर्नाटक के बेलगाम में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था, उस अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि 2025 संगठन सृजन कार्यक्रम का कार्य वर्ष होगा। कांग्रेस संगठन सृजन के तहत झारखंड में पिछले 03 महीने से हर जिले में संगठन सृजन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब आप लोग यहां से प्रशिक्षण के लिए जाएंगे तो मुझे विश्वास है कि आप सभी रांची ग्रामीण और खूंटी जिले में संगठन सृजन के तहत पार्टी को मजबूत करने में सफल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आपको राज्य स्तर या जिला स्तर से जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, आप उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी ही है जो हर वर्ग, हर तबके की लड़ाई लड़ रही है। चाहे बात ओबीसी की हो या आदिवासी समुदाय की। चाहे बात दलित की हो या गरीब सवर्णों की। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लगातार सदन से लेकर सड़क तक सबके लिए लड़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में कर्नाटक में ओबीसी कार्यसमिति परिषद की बैठक हुई थी जिसमें मैंने भी भाग लिया था, वहां देशभर से ओबीसी नेताओं ने भाग लिया था और आगामी 25 जुलाई को ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, झारखंड से भी ओबीसी समाज के नेता बड़ी संख्या में न्याय सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे और इसे सफल बनाने में मदद करेंगे।



## टीबी के मरीजों के बीच फूड पैकेट्स का वितरण

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) एवं सिनी संस्था के तत्वधान में प्रखण्ड के टीबी ग्रसित मरीजों के बीच शनिवार को फूड पैकेट्स का वितरण किया गया। इस दौरान 61 मरीजों को फूड पैकेट्स प्रदान किये गये । निक्षय मित्र योजना भारत सरकार द्वारा की गयी एक पहल है।इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), कॉर्पोरेट संस्थान, सहकारी समितियां, जनप्रतिनिधि या अन्य संस्थान द्वारा टीबी ग्रसित मरीजों को गोद लेते हुए टीबी मुक्त होने तक पोषण युक्त पदार्थ उपलब्ध कराने में निक्षय मित्र के रूप में सहयोग प्रदान कर सकती है।यह सहायता निक्षय मित्र द्वारा न्यूनतम 06 माह से अधिकतम 03 साल तक चलाई जा सकती है जिसका उपयोग करते हुए टीबी ग्रसित मरीज स्वस्थ और सुरक्षित हो सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉ वेद प्रकाश ने बताया कि टीबी बीमारी होने से मरीजों को बहुत ज्यादा कमजोरी होती है।स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक से जांच करवाने और दवाई और पौष्टिक आहार का नियमित रूप से दवा का सेवन करने से लोग टीबी बीमारी को खत्म कर सकते हैं। टीबी मरीजों को इसके लिए समय पर जांच और इलाज शुरू कराना आवश्यक है।इसीलिए लक्षण दिखते ही संबंधित मरीजों को जल्द से जल्द स्थानीय स्वास्थ्य संस्थानों या नजदीकी सरकारी अस्पतालों में जांच करानी चाहिए। मौके पर संजय कुमार सिन्हा,बीपीएम लक्ष्मण कुमार, एसटीएस ओमप्रकाश कुमार, बीडीएम रवि कुमार पांडे, देवनंदन कुमार, एलटी सिनी संस्था से मुंतजिर एवं टीवी मरीज व परिजन मौजूद थे।

## गोबर में लपेटकर रखी गई वज्रपात से घायल महिला की मौत

**चतराः** टंडवा थाना क्षेत्र के हेसातू गांव में शुक्रवार की दोपहर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 56 वर्षीय उगनी देवी की मौत हो गई। वह अपने आठ महीने के पोते को गोद में लेकर घर के बाहर बैठी थीं। बिजली गिरने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए।घटना के बाद उगनी देवी अचेत हो गई। परिजन और ग्रामीणों ने पोते को बाइक से निजी अस्पताल पहुंचाया। उगनी देवी को अस्पताल ले जाने के लिए कोई साधन नहीं मिला। परिजन ने उन्हें गोबर से लपेट दिया। घंटों बाद एंबुलेंस गांव पहुंची, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद एंबुलेंस लौट गई। टंडवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजा।घटना के बाद गांव में मातम छा गया।अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि मृतका के आश्रित को आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

### उपायुक्त कीर्तिश्री ने किया मयूरहंड प्रखंड का निरीक्षण

# विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत का लिया जायजा

### जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

संवाददाता

**चतराः** उपायुक्त कीर्तिश्री ने शनिवार को मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के क्रम में उन्होंने प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत का अवलोकन किया। इस क्रम में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों, कार्यालय प्रमुखों, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

मनरेगा पार्क का उद्घाटन एवं निरीक्षणः निरीक्षण की शुरूआत करमा पंचायत अंतर्गत अम्बा टांड़ में निर्मित मनरेगा पार्क से हुई। उपायुक्त ने नवनिर्मित पार्क का औपचारिक उद्घाटन करते हुए इस परियोजना की प्रशंसा की और लाभुकों के प्रयासों की सराहना की। यह पार्क लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसे पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक मनोरंजन और रोजगार सृजन के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। उपायुक्त ने भूमि संरक्षण एवं जल संचयन के लिए दीर्घकालिक संरचनात्मक उपायों को अपनाने का निर्देश दिया, साथ ही पार्क तक सुगम आवागमन हेतु सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की योजना शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

अनजनवा जलाशय को पर्यटन व सिंचाई के केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देशः इसके पश्चात उपायुक्त ने मँझगांवा पंचायत स्थित अनजनवा जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय के गहरीकरण, सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई के साथ-साथ इसके पर्यटन एवं सिंचाई के उपयोगी केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को एक आदर्श ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएँ हैं, जिससे स्थानीय रोजगार को भी बल मिलेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षाः निरीक्षण कार्यक्रम के तहत उपायुक्त ने प्रखंड मुख्यालय मयूरहंड में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, औषधि भंडारण, साफ-सफाई और मरीजों को दी



जा रही सेवाओं का मूल्यांकन किया तथा स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को और प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षणः** इसके उपरांत उपायुक्त ने झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, मयूरहंड का निरीक्षण किया और छात्राओं के लिए उपलब्ध आवासीय सुविधाएं, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, शिक्षण व्यवस्था एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को बालिकाओं की पढ़ाई और स्वास्थ्य में किसी प्रकार की बाधा न आने देने हेतु सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जनप्रतिनिधियों से संवाद व आमजनों की शिकायतें सुनीं:** निरीक्षण उपरांत उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का दौरा कर वहां उपस्थित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने प्रखंड के समग्र विकास, योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं एवं स्थानीय समस्याओं पर खुली चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में उपस्थित आम नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतें एवं समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**कार्य निष्पादन में पारदर्शिता और संवेदनशीलता का निर्देशः** निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कार्य निष्पादन में संवेदनशीलता बरतने की अपेक्षा जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना ही प्राथमिकता है।

**पारंपरिक स्वागत ने बढ़ाया गौरवः** इस अवसर पर उपायुक्त के आगमन पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने झारखंडी पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप पत्ते की टोपी एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और उनका आभार प्रकट किया।

**परोरिया गांव में जेएसएलपीएस की आजीविका गतिविधियों का निरीक्षणः** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने परोरिया गांव का दौरा कर वहाँ झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका संवर्धन गतिविधियों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित आटा मिल, सरसो तेल मिल इकाइयों का अवलोकन किया और समूह की दीदियों द्वारा की जा रही इन गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इन इकाइयों को बाजार से जोड़ने, तकनीकी सहयोग प्रदान करने और वित्तीय सुदृढ़ता हेतु सभी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# शर्मनाक : बदमाशों से बुजुर्ग को पीटा , थूक कर चटवाया

संवाददाता



**रांचीः** राजधानी रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित खुखरा गांव से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां 70 वर्षीय बुजुर्ग को बदमाशों ने लाठी से पीटा। इसके बाद थूककर उससे चटवाया। बदमाश यहीं नहीं रुके और इसका वीडियो भी बनाया। इस दौरान बुजुर्ग बदमाशों के सामने हाथ भी जोड़ता रहा। एक वृद्धा भी बदमाशों के सामने मारपीट नहीं करने के लिए गिड़गिड़ाती रही। मामले में बुजुर्ग अफिंदर साहू ने प्रकाश राम, विजेंद्र सिंह, रामभजन सिंह, फितेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह के खिलाफ बेड़ो थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

उधर, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य की तलाश जारी है। बुजुर्ग पर छेड़खानी करने का आरोप लगा है। वृद्धा ने आरोप लगाया कि तीन जुलाई को वह बकरी चराने जा रहा था। तभी छेदू साहू की पत्नी ने छप्पर ठीक करने का आग्रह किया। वह गए तो प्रकाश, विजेंद्र, रामभजन, फितेंद्र ने पिटाई शुरू कर दी। थूक भी चटवाया।

सभी आरोपी बेड़ो के खुखरा गांव के ही रहने वाले हैं। इसके बाद सभी आरोपी उन्हें पीटने लगे। लाठी व डंडे से उन्हें जमकर पीटा। इस घटना में उन्हें काफी चोटें भी आयी। इस दौरान आरोपियों ने उन्हे थूक चटवाया। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। अन्य ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद सभी आरोपियों ने उन्हें छोड़ा। इधर, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, बाकी की पुलिस तलाश कर रही है। बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि इस मामले में दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेजा है। बुजुर्ग पर भी छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया है।

इस मामले में पीड़ित बुजुर्ग अफिंदर साहू ने प्रकाश राम, विजेंद्र सिंह, रामभजन सिंह, फितेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह के खिलाफ बेड़ो थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। अफिंदर साहू की ओर से बेड़ो थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि तीन जुलाई की दोपहर वह बकरी चराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान छेदू साहु की पत्नी ने उन्हें आवाज लगाकर बुलाया और कहा कि उनका छप्पर चू रहा है, इसे ठीक कर दें। जब वह ठीक करने के लिए गए तभी आरोपी प्रकाश, विजेंद्र, रामभजन, फितेंद्र, प्रकाश व अन्य पहुंच गए।

# नेत्रहीन बालिका विद्यालय,बड़गाई में खाद्य सामग्री का वितरण

मेट्रो रेज



**रांचीः** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत एक मानवीय सेवा कार्य का आयोजन ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय, बड़गाई बरियातू में किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत नेत्रहीन विद्यालय के छात्राओं एवं अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरण किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि क्लब के द्वारा समाज के वंचित वर्गों तक सहायता व सम्मान पहुंचाना।

इस आयोजन की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष लायन अमित कुमार मिश्रा एवं संचालन लीडरशीप चेयरपर्सन डॉ.राजेंद्र कुमार हाजरा द्वारा किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित छात्र क्लब ग्रुप के सुनील कुमार मेहता,विशाल महतो एवं नन्दकिशोर शर्मा ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित टिप्स दिए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से उपाध्यक्ष लायन विजय पाठक,क्लब प्रशासक एमजेएफलायन प्रेम शंकर मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ.लायन

चेयरपर्सन लायन डॉ.दीपक कुमार,जनसंपर्क अधिकारी लायन शिव किशोर शर्मा, एलसीआईएफ समन्वयक लायन एसके.आचार्या,अधिवक्ता लायन सोनाली भट्टाचार्य, लायन ममता मिश्रा व अन्य मौजूद थे।

# सिल्ली पूर्वी मंडल व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज



**मुरी :** पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा रांची में आयोजित संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो द्वारा मनोनीत किया गया एवं जिसकी नियुक्ति पत्र झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता एवं सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी जिला सचिव नागेश्वर महतो उपस्थित थे। इनके मनोनयन पर सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष निशाकर महतो,मनीराम दास, महासचिव मंजूर मोमिन,सैयद कमर आलम,भगीरथ महतो,प्रकाश मुंडा,मो कलाम अंसारी,आशा देवी, श्रीप्रसाद बड़ाइक,सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी विकाश रजक,रोहित मुंडा,सदानंद सोनार,पिनाकी बनर्जी,लालू कोइरी,चन्द्र मोहन महतो, शमशेर आलम,महताब अंसारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी इत्यादि कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

# श्रावण अधिकमास पर श्री श्याम मंदिर में महारुद्राभिषेक



**रांचीः** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आज श्रावण अधिकमास के पावन अवसर पर मन्दिर में विराजमान शिव लिंग के महारुद्राभिषेक का विधि विधान से भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया तथा पूरे शिव परिवार का भव्य श्रृंगार किया गया ।

प्रारम्भ में मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने स्पतिक संकल्प पूजन कराया तथा इस रूद्राभिषेक का कार्य कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाराज के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ । इस अवसर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शिव भक्ति में लीन हो मन्दिर परिसर में उत्साहित थे । क्रमवार मण्डल के सभी सदस्य एवम उपस्थित भक्तजन ने रूद्राभिषेक में भाग लिया तथा उपस्थित भक्तजनों द्वारा ॐ नमः शिवाय के जाप से पूरा मन्दिर परिसर शिव मय हो उठा ।

रूद्राभिषेक के सम्पन्न होने पर भोले बाबा का महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका , राजेश सारस्वत , विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल , विकाश पाडिया , महेश सारस्वत , प्रियांश पोद्दार , राजेश सारस्वत , नितेश लखोटिया का सहयोग रहा ।



## पीड़ित परिवार को घर छोड़ने को किया मजबूर

**सिल्लीः** लगातार हो रही भारी बारिश से प्रखंड के सिंगपुर छोटा मुरी निवासी हीरालाल प्रजापति का घर गिरा था। तत्काल प्रशासन की ओर से उस परिवार को रहने के लिए प्रखंड परिसर स्थित एक पुराना आवास उपलब्ध कराया गया था, उक्त आवास पूर्व से ही जर्जर स्थिति में रहने पर पीड़ित महिला सुमित्रा देवी जेएलकेएम नेता राजू महतो से मुलाकात स्थिति से अवगत करायी थी, जेएलकेएम नेता ने प्रशासन से मिलकर सुनील महतो स्टेडियम स्थित किसान भवन में कमरा दिलवाया था। बताया जाता है उस परिवार को कुछ स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता और पंचायत प्रतिनिधियों ने इतना परेशान किया की किसी तरह रात बीतने के बाद सुबह उक्त परिवार को किसान भवन छोड़ कर भागना पड़ा। बतातें चले कि बारिश से घर गिर जाने के बाद प्रशासन ने उक्त परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली सहायता राशि देने का आश्वासन दिया है। जिससे उसका घर बन जाये।

# कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को चकमा देना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है

## बीच सड़क पर रील बनाना पड़ा महंगा

विनय मिश्रा

**कोतवाली** डीएसपी रांची प्रकाश सोय के बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से अपराध नियंत्रण अपराधियों की खोजबीन और उन्हें धर दबोचना नशा के कारोबारियों में लिप्त लोगों की खोज खबर लेने के साथ-साथ उनके पास से मादक पदार्थ बरामद कर इस नशा कारोबार से जुड़े लोगों को जेल की हवा खिलाने के लिए निरंतर किए गए कार्य का ही या प्रतिफल है कि आज इस गिरोह की कमर टूट चुकी है । नशा कारोबार पर अंकुश भी लगा है वर्तमान समय में अब रील बनाने वालों की भी डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय खूब-खोज खबर ले रहे हैं इसकी प्रमुख वजह यह है कि हाल ही में नए ओवर ब्रिज के उद्घाटन के पश्चात स्टंट करने वाले युवक की पहचान तथा उसे खोज निकालने की जवाब देही का निर्वहन पुलिस के लिए उपलब्धि माना गया था । वहीं कल एक युवक द्वारा रील बनाने के दौरान डीएसपी श्री सोय ने उसे धर दबोचा तब उक्त युवक के होंशफाखताहो गए श्री सोयके यह कार्य को लोगों ने काफी सराहा और उनका मानना है कि डीएसपी के इस कार्रवाई से रील बनाने वालों पर अबेअंकुश भी लगेगा रील बनाना अच्छी बात है किंतु वह ज्ञानवर्धक उत्साहवर्धक हो ना कि केवल जानलेवा साबित हो। कोतवाली डीएसपी के कार्रवाई निश्चित तौर पर वैसे रील बनाने वालों के लिए सबक है जो जान जोखिम में डालकर अपने स्टंटमैन की भूमिका प्रदर्शित करते हैं साथ ही साथ लोगों को भी भयभीत करने का कार्य करते हैं ऐसे डीएसपी निश्चित तौर पर प्रशंसा के पात्र हैं और उनके कार्रवाई से लोग भी काफी हर्षित है

# झारखंड में पहली बार रेडियंस पॉलीक्लिनिक में लगी सेंसर युक्त टनिटा एमसी-780 मशीन



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी के मेन रोड स्थित कुलदीप कांप्लेक्स के प्रथम तल्ले पर अवस्थित रेडियंस पॉलीक्लिनिक में शरीर के मोटापे एवं विभिन्न अंगों की जांच के लिए सेंसर युक्त टनिटा एमसी-780 सेंसर युक्त मशीन लगाई गई है। इस संबंध में रेडियंस पॉलीक्लिनिक के डायरेक्टर डॉ. सैयद अल्तमश (जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जन लेजर स्पेशलिस्ट) ने बताया कि मरीजों को मोटापे एवं अन्य मेटाबॉलिक समस्याओं से निजात पाने के लिए टेनिटा एमसी-780 मशीन द्वारा मरीजों की सेवा यहां उपलब्ध है। वहीं एनसीडी क्लीनिक में मधुमेह उच्च रक्तचाप थायराइड आदि रोगों की जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया मशीन की सहायता से फैट, मांसपेशियों, हड्डियों की स्थिति सहित शरीर के भीतर फैट लेवल, हड्डी की संरचनाएं (बोन डेंसिटी), मेटाबॉलिक एज, लिवर, किडनी आदि के सामान्य क्रियाकलापों संबंधी जांच की सुविधा काफी किफायती दर पर उपलब्ध कराई गई है। यहां मोटापे की सर्जरी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त एंडोस्कोपी आदि की सेवाएं भी मरीजों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने बताया कि रेडियंस पॉलीक्लिनिक में इसके अतिरिक्त डेंटल क्लिनिक, सर्जिकल क्लिनिक, न्यूरो सर्जरी क्लिनिक और न्यूरोलॉजी क्लिनिक, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गॉलब्लैडर, अपेंडिक्स, हर्निया आदि सर्जरी की सुविधा के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं पॉलीक्लिनिक में उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि रेडियंस पॉलीक्लिनिक में न्यूरोलॉजी क्लिनिक, डायग्नोस्टिक लैब आदि के माध्यम से मरीजों की सेवाएं की जाती है। डॉ अल्तमश ने बताया कि यहां किफायती दर पर विभिन्न रोगों के उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा उपलब्ध होंगी। रेडियंस पॉलीक्लिनिक में डॉ.मोहम्मद उमर, डॉ.सैयद शाहबाज, डॉ. अहमद हुसैन, डॉ. मंजर अली, डॉ. रूचि, डॉ. मुजम्मिल फिरोज, डॉ. विवेक गोस्वामी की सेवाएं उपलब्ध होगी।

## मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को एक त्रिसदस्यीय मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश




**देवघर :** उपायुक्त ने का निदेशित किया जा सके एवं आगे इस प्रकार के आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों का मेडिकल बोर्ड के माध्यम से अस्वस्थता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही आवश्यक निर्णय लिया जा सकेगा। इस प्रकार विमुक्त किये गये दण्डाधिकारी / कर्मी एवं अन्य अभ्यावेदनकर्त्ता को मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत अस्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर वे नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के पात्र होंगे।

## चंदवे साक्षी ऑटोमोबाइल में चोरी का प्रयास

**रांचीः** पिठोरिया थाना क्षेत्र के साक्षी ऑटोमोबाइल चंदवे बजाज मोटरसाइकिल शोरूम में बीती रात चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन चोरों को निराशा ही हाथ लगी। दुकान के संचालक दीपक कुमार चौरसिया ने बताया कि चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन उन्हें कोई मूल्यवान वस्तु या पैसा नहीं मिला।

चोरों को केवल छोटे-मोटे टूल्स और चार्जर ही हाथ लगे, जिसे वे लेकर फरार हो गए। गनीमत रही कि दुकान के मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। इस घटना की सबसे खास बात यह है कि पूरी वारदात दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में चोरों की हरकतें साफ दिखाई दे रही हैं, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिल सकती है।


## एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण कार्यक्रम



**रांचीः** भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित मेरा युवा भारत रांची द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेरा युवा भारत की झारखंड राज्य निदेशक ललिता कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेकानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. गौरव अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य शादान आलम, निदेशक कुणाल कश्यप , सचिव अनुज हेंब्रम, हिमांशु दुबे एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य शादान आलम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पौधे न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पृथ्वी को संतुलित और हरा-भरा बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया और छात्रों को सैकड़ों पौधे वितरित किए गए। उन्हें अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

# चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर रश्मि इलेक्ट्रॉनिक का भव्य उद्घाटन



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर आज रश्मि इलेक्ट्रॉनिक का भव्य उद्घाटन हुआ। शहर के लिए यह मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया। काफी समय से शहर वासी ऐसे भव्य प्रतिष्ठान की प्रतीक्षा में थे। रश्मि इलेक्ट्रॉनिक पूर्व से ही चक्रधरपुर शहर का प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान और विश्वास का प्रतीक रहा है और लोगों की इस प्रतिष्ठा के प्रति लगाव जुड़ाव भी काबिले तारीफ है। इस प्रतिष्ठान का शुभारंभ जयप्रकाश पाड़िया द्वारा किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से उनके पुत्र आशीष पाड़िया के अलावा मित्रगण ,परिजन ,शुभचिंतक के अलावा नामचीन हस्ती तथा शहर वासी भी उपस्थित रहे। शहर के इस अनुपम प्रतिष्ठा के संदर्भ में श्री पड़िया ने बताया कि इस प्रतिष्ठान में लोगों की सारी जरूरत के सामग्री एक ही स्थल पर उपलब्ध हैं और समुचित दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं । उन्होंने शहर वासियों से आग्रह किया कि वह इस प्रतिष्ठान में आकर अपने आवश्यक सामग्री की खरीदारी करें और रश्मि इलेक्ट्रॉनिक के द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधा का भरपूर लाभ ले।


झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, ई-मेल- simdegafisheriesdfo@gmail.com

"इच्छा की अभिव्यक्ति"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अम्ब्रेला योजना (Umbrella Scheme) के तहत राज्य योजनान्तर्गत राज्यादेश संख्या 10 रा0(वि0), दिनांक- 04.07.2027 द्वारा प्राप्त तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 तक पुराने केजों एवं विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित RAS/Biofloc Pond/Biofloc Tank में पंगेशियस/Gift तिलापिया/अमृत कतला/ अन्य उपयुक्त बीजों एवं मेजर कार्प/ग्रास कार्प का संचयन हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु 'इच्छा की अभिव्यक्ति' का आमंत्रण की जाती है। "इच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के साथ दिनांक 05.08.2025 तक कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्तें निम्नवत् होंगे :-

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को पुराने केजों एवं विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित RAS/Biofloc Pond/Biofloc Tank तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा पूर्ण विवरण/मत्स्य बीज की उपलब्धता एवं पूर्ण पता में कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके। विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य अंगुलिकाओं को रदद अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.357774 Simdega(25-26):D



# पर्सनल स्पेस में प्रोफेशनल लाइफ हो रही है हावी तो इन टिप्स को करें फॉलो

**वर्क-फ्रॉम-होम और हाइब्रिड वर्किंग मॉडल के चलते प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ खराब होने लगी है। कंपनी को ऐसा लगता है कि वर्क-फ्रॉम-होम और हाइब्रिड वर्किंग के कारण वह अपने इंप्लाई को कभी भी फोन कर सकते हैं और उन्हें कभी भी काम करने को कह सकते हैं। ऐसे में मजबूरी में अपनी नौकरी को बचाने के लिए इंप्लाई को ओवरटाइम काम करना पड़ता है। यहीं कारण है जिसके कारण पर्सनल लाइफ के लिए आजकल के युवा को समय नहीं मिलता है और उनकी लाइफ में दिक्कत आने लगती हैं। हालांकि कुछ टिप्स को अपनाकर आप भी अपने पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन को अलग रख सकते हैं।**

## शेड्यूल बनाएं

अगर आप वर्क–फ्रॉम–होम और हाइब्रिड वर्किंग के तौर पर काम कर रहे हैं तो आपको समय पर लॉग इन करना चाहिए और समय पर ही लॉग आउट करना चाहिए। अगर आपका बॉस आपको रोजाना ओवरटाइम काम करने को कह रहा है तो आपको उसकी शिकायत करनी चाहिए।

## ब्रेक लें

वर्क–फ्रॉम–होम और हाइब्रिड वर्किंग में आपको काम के साथ बीच– बीच में ब्रेक लेते रहना चाहिए। आधे घंटे का ब्रेक लेकर आप खुद के काम को कर सकते हैं। इससे आपको खुद के लिए भी समय मिलता रहेगा।

## परिवार के लिए समय

कई बार ऑफिस का काम होने के बाद लोग अपने फोन यानी सोशल मीडिया में व्यस्त हो जाते हैं। हालांकि आपको स्क्रीन टाइम कम करने पर ध्यान देना चाहिए। बचा हुआ समय आपको परिवार को देना चाहिए या फिर आप नई चीजों को सीखने के लिए भी समय निकाल सकते हैं।

## काउंसलिंग लें

अगर आप इन चीजों को फॉलो करने के बाद भी अपनी प्रोफेशनल लाइफ को पर्सनल स्पेस से अलग नहीं रख पा रहे हैं तो आपको काउंसलिंग लेने की जरूरत है। काउंसलिंग की मदद से आप अपने प्रोफेशनल लाइफ को पर्सनल स्पेस में हावी नहीं होने देगें।



# फैमिली बजट प्लान करते समय इन बातों का रखें ध्यान

**फैमिली के लिए बजट प्लान करना यकीनन एक टफ टास्क है, लेकिन अगर आप कुछ टिप्स को फॉलो करते हैं तो आप अपने इस काम को बहुत आसान बना सकती हैं।**




अधिकतर घरों में लोगों को यह शिकायत रहती है कि महीना खत्म होते–होते खर्च के लिए उनके पास पैसे नहीं होते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे अपने फैमिली बजट का ध्यान नहीं रखते हैं। जब परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक हों या फिर बच्चे हों तो ऐसे में फैमिली बजट पर अतिरिक्त ध्यान देना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। कुछ लोग महीने की शुरुआत में फैमिली बजट तो बनाते हैं लेकिन फिर भी महीने के आखिर में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे कुछ छोटी–छोटी बातों को मिस कर जाते हैं। फैमिली बजट बनाने का मतलब सिर्फ जरूरी खर्चों की लिस्टिंग करना ही नहीं है, बल्कि आपको अतिरिक्त खर्चों से लेकर बचत, इमरजेंसी फंड व इनवेस्टमेंट आदि को भी इसमें शामिल करना जरूरी होता है। आपको फैमिली बजट बनाने में कोई समस्या ना हो और बाद में आपको किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए आपको कुछ छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं–

## इनकम की बनाएं लिस्ट

जब आप फैमिली बजट बना रहे हैं तो आपको अपनी महीने की आमदनी का पता होना चाहिए। इसके लिए आप सबसे पहले अपनी इनकम की लिस्ट बनाएं। इसमें आप सैलरी के अलावा अन्य किसी भी आय के स्त्रोत से मिलने वाले पैसों का शामिल करें। इससे आपको यह समझ में आएगा कि हर महीने आपकी पॉकेट में कितने पैसे आ रहे हैं।

## खर्चों की बनाएं लिस्ट

जब आप अपनी इनकम की लिस्ट बना लें तो उसके बाद खर्चों की लिस्ट तैयार करें। इसमें आप घर के किराए से लेकर बच्चों की फीस, राशन, ईएमआई व अन्य अतिरिक्त खर्चों को शामिल करें। इनकम और खर्च की लिस्ट बनाने से आपको एक रिएलिटी चेक मिलता है। साथ ही इससे फैमिली बजट बनाना अधिक आसान हो जाता है।

## सेट करें फाइनेंशियल गोल्स

फैमिली बजट बनाने का मतलब सिर्फ आमदनी और खर्चों पर ही नजर रखना नहीं है। बल्कि आपको अपने फाइनेंशियल गोल्स को भी सेट करना चाहिए। आप इसमें शॉर्ट टर्म गोल्स जैसे वेकेशन से लेकर इमरजेंसी फंड और लॉन्ग टर्म गोल्स जैसे घर की डाउन पेमेंट से लेकर बच्चों की पढ़ाई व रिटायरमेंट आदि को भी जरूर शामिल करें।

## तैयार करें प्लान

फैमिली बजट बनाते समय आपको एक सही प्लानिंग के साथ चलना बेहद जरूरी है। मसलन, जब आप बजट बनाएं तो अपने खर्चों को अलग–अलग कैटेगिरीजैसे ग्रॉसरी से लेकर सेविंग आदि में बांट लें। इस तरह आप हर कैटेगिरी व गोल्स को ध्यान में रखते हुए अपनी आय को बांट दें। कोशिश करें कि आप अपनी आय का 50 प्रतिशत ज़रूरतों, 30 प्रतिशत इच्छाओं और 20 प्रतिशत बचत आदि के लिए रखें। इससे आपको कभी भी पैसों को लेकर किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी।

## जरूर करें ट्रैक

अगर आप चाहती हैं कि आप अपने लिए एक सही फैमिली बजट बना पाएं, तो इसके लिए आपको उसे ट्रैक जरूर करें। एक बार जब आप बजट बना लें तो उसके बाद आमदनी व खर्चों दोनों को ट्रैक करते रहें। जब आप इनका रिकॉर्ड रखते हैं तो इससे आपको अपने फैमिली बजटको सही तरह से एडजस्ट करने में मदद मिलती है। अगर आपके लिए हर दिन का ब्यौरा रखना मुश्किल लगता है तो ऐसे में आप बजटिंग टूल व ऐप्स का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।





# इन चार वजहों से मशीन वॉश करने के बाद कपड़ों पर नजर आते हैं सफेद दाग

कपड़े किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान होते हैं। अगर हम साफ–सुथरे कपड़े पहनते हैं तो इससे हमारा फर्स्ट इंप्रेशन काफी अच्छा पड़ता है। यही कारण है कि लोग एक बार पहनने के बाद कपड़ों को मशीन वॉश करना पसंद करते हैं। लेकिन आपने कई बार देखा होगा कि जब आप कपड़ों को मशीन वॉश करते हैं तो अक्सर उनमें सफेद दाग नजर आते हैं। कपड़ों को धोने के बाद भी जब उन पर सफेद धारियां या धब्बे नजर आते है तो यकीनन मन में एक निराशा पैदा होती है। ऐसे में कपड़ों को दोबारा धोने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचता है। लेकिन कपड़ों के पूरे बैच को दोबारा धोना यकीनन काफी समय लेने वाला होता है। हालांकि, क्या आपने कभी इस बात पर गौर किया है कि मशीन में कपड़े धोने के बाद भी उनमें सफेद दाग क्यों नजर आते हैं। दरअसल, इसके पीछे कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं।

## पाउडर डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना

कपड़ों को धोने के बाद उन पर सफ़ेद दाग नजर आने का एक मुख्य कारण पाउडर डिटर्जेंट का उपयोग है। अक्सर पाउडर डिटर्जेंट मशीन के पानी में उस तरह से घुलता नहीं है जैसा उसे घुलना चाहिए, जिससे कपड़ों पर धारियां पड़ जाती हैं। इसलिए, अगर आप कपड़ों पर नजर आने वाले इस सफेद दाग की समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं तो पाउडर डिटर्जेंट से लिक्विड डिटर्जेंट पर स्विच करने पर विचार करें।

## डिटर्जेंट का अधिक इस्तेमाल करना

कपड़ों का धोते समय डिटर्जेंट की मात्रा भी बहुत मायने रखती है। कई बार लोग बेहतर सफाई के चक्कर में जरूरत से ज्यादा डिटर्जेंट का इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से अवशेष रह सकते हैं क्योंकि यह पूरी तरह से घुल नहीं सकता या धोने के दौरान बाहर नहीं निकल सकता। इसलिए, आप सीमित मात्रा में ही डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। अगर आपके कपड़ों पर किसी तरह के दाग है तो डिटर्जेंट की मात्रा बढ़ाने के स्थान पर पहले स्पॉट ट्रीटमेंट की मदद से दाग को क्लीन करें।

## मशीन ओवरलोड होना

अमूमन लोग एक बैच में ज्यादा से ज्यादा कपड़े धोने की कोशिश करते हैं, जिससे समय की बचत हो सके। लेकिन वास्तव में इसका खामियाजा कपड़ों को भुगतना पड़ता है। ओवरलोड वॉशिंग मशीन पानी के फ्लो और ड्रेनेज को बाधित कर सकती है। इसलिए, डिटर्जेंट पूरे लोड तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे कपड़े सही तरह से धुल नहीं पाते हैं। कपड़ों पर बची हुई गंदगी, झाग, धूल के कारण सफेद अवशेष रह जाते हैं। ऐसे में उन कपड़ों को दोबारा धोना पड़ता है। इसलिए, आप अपनी मशीन में बहुत ज्यादा पानी न भरें, चाहे आपके पास समय की कमी क्यों न हो।

## मशीन ड्रेनपाइप फ़िल्टर का बंद होना

अक्सर हमारा ध्यान इस ओर नहीं जाता है, लेकिन मशीन ड्रेनपाइप फ़िल्टर बंद हो जाने की स्थिति में लिंट, अघुलनशील डिटर्जेंट और गंदगी आपके कपड़ों पर फिर से जम सकती है। इसलिए, नियमित अंतराल पर फ़िल्टर को साफ़ करने का नियम बनाएं। जब आप ऐसा करते हैं तो आपके अधिक बेहतर साफ होते हैं।





# डाइनिंग स्पेस को है सजाना, इन छोटी-छोटी चीजों को न करें इग्नोर

डाइनिंग एरिया एक ऐसी जगह है, जहां पर परिवार के सभी सदस्य मिलकर न सिर्फ खाना खाते हैं, बल्कि कुछ हंसी–खुशी के पल भी बांटते हैं। यूं तो परिवार के सदस्यों का एक साथ होना ही उस जगह को जीवंत बना देता है, लेकिन अगर डाइनिंग एरिया के डेकोरेशन पर भी थोड़ा ध्यान दिया जाए तो कहना ही क्या। वैसे भी कहा जाता है कि व्यक्ति हाथों से पहले आंखों से खाता है, इसलिए भोजन के साथ–साथ डाइनिंग एरिया के लुक्स पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। जरा सोचिए, अगर आप खाना खाने बैठे और वहां पर सब कुछ बिखरा या रूखा–रूखा सा हो तो पहले ही मूड ऑफ हो जाता है। वहीं अगर डाइनिंग एरिया को करीने से सजाया गया हो तो व्यक्ति का मन प्रफुल्लित हो उठता है। वैसे डाइनिंग एरिया को सजाने के लिए बहुत करने की आवश्यकता नहीं होती। अगर आप अपनी टेबल पर कुछ चीजों को रख दें तो इससे टेबल की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है।

## कालीन

डाइनिंग एरिया में कलर एड करने और उसे खूबसूरत बनाने के लिए कालीन का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। आप डाइनिंग एरिया में कॉन्ट्रास्टिंग कलर के कालीन को बिछाएं। वैसे आप कालीन के फैब्रिक और प्रिंट्स में भी कई ऑप्शन चुन सकती हैं, जो आपके डाइनिंग एरिया को खूबसूरत बनाएंगे।

## ताजे फल

फलों को स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है और अगर आप डाइनिंग टेबल को हेल्दी तरीके से सजाना चाहती हैं तो ताजे फलों का इस्तेमाल करना एक अच्छा आईडिया है। ताजे फलों के कारण आपका डाइनिंग टेबल देखने में तो अच्छा व कलरफुल लगता है ही, साथ ही इससे घर के सदस्य फल खाने के लिए भी प्रेरित होते हैं। आप फलों को सिरामिक, लकड़ी के बाउल या खूबसूरत प्लेटर में रखकर सजा सकती हैं।

## खूबसूरत नैपकिन रिंग

डाइनिंग टेबल पर नैपकिन की जरूरत तो पड़ती ही है, लेकिन अगर इसे सही तरह से रखा जाए तो इससे डाइनिंग टेबल की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। आजकल मार्केट में कई बेहद खूबसूरत डिजाइन की नैपकिन रिंग्स मिलती हैं, जिसमें आप नैपकिन को रख सकती हैं। इन डिजाइन में आपको लीफ, फ्लॉवर, पर्ल, विंटेज और कई अन्य तरह के डिजाइन्स चुन सकती हैं।

## मिरर

डाइनिंग एरिया को खूबसूरत बनाने के लिए सामने वाली दीवार पर मिरर का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे डाइनिंग स्पेस बड़ा लगता है, साथ ही जब आप डाइनिंग स्पेस में मिरर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे उस स्पेस को मॉडर्न व कंटेपररी लुक मिलता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# बासुकीनाथ धाम के शिवगंगा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की टीम तैनात

एजेंसी




बासुकीनाथः बाबा नगरीबासुकीनाथ धाम में श्रावणी मेला के दौरान लाखों की संख्या में उमड़ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। विशेषकर शिवगंगा सरोवर में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठअम्क्रकी टीम को प्रतिनियुक्त किया गया है। एनडीआरएफ की टीम मोटर बोट के माध्यम से शिवगंगा में लगातार गश्ती कर रही है और श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पूरी तरह तैयार रहती है। हर दिन देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिवगंगा के आसपास जुटने लगती है। बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण करने से पहले श्रद्धालु शिवगंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं। यह धार्मिक परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें डुबकी को शुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। एनडीआरएफ के जवान प्रतिदिन पूरी सतर्कता के साथ शिवगंगा में मोटर बोट के माध्यम से निगरानी कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दुर्घटना से बचाने के लिए लाइफ जैकेट, रस्सी, बचाव यंत्र आदि की भी व्यवस्था की गई है।

मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा पर जलार्पण करने के लिए आगे बढ़ते हैं। संपूर्ण रूट पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और वॉकी-टॉकी से लैस सुरक्षाकर्मी पूरी व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए हैं। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की इस मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि मेला में सुरक्षा और सुविधा दोनों का संतुलन दिखाई दे रहा है। शिवगंगा जैसे प्रमुख आस्था केंद्र पर ठअम्क्र की तैनाती से श्रद्धालुओं को मानसिक शांति और सुरक्षा का भरोसा हो रहा है। श्रावणी मेला के दौरान लाखों की संख्या में उमड़ते श्रद्धालुओं के बीच यह व्यवस्था न केवल सुरक्षा का उदाहरण है, बल्कि भक्ति और प्रशासनिक सजगता का सुंदर समन्वय भी प्रस्तुत करती है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### लोन रिकवरी के नाम पर महिलाएं को किया जा रहा है प्रताड़ितः हांसदा




**साहिबगंज**: शहर के हबीबपुर अभियान केंद्र में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का 8 वा झारखंड राजस्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन राज्य अध्यक्ष शिवानी पाल ने झंडोतोलन कर किया। वही शहीद वेदी पर केंद्रीय संयुक्त सचिव तापसी प्रहराज,केंद्रीय उपाध्यक्ष राम परी सहित झारखंड से आए सभी प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया एवं एवं शोक प्रस्ताव का पालन करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया .कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में केंद्रीय संयुक्त सचिव ने कहा की देश में खाद्य सुरक्षा की बदहाली स्वास्थ्य शिक्षा स्वास्थ्य शिक्षा से गरीबों को वंचित करना एवं पूरे भारत में माइक्रोफाइनेंस कंपनी के द्वारा लोन रिकवरी के नाम पर महिलाएं को प्रताड़ित किया जा रहा है .और उनके ऊपर मुकदमा किया जा रहा है .साथ ही कहा झारखंड में हेमंत सरकार के द्वारा मैया सम्मान योजना के लाभ से 16 लाख महिलाओं को वंचित किया गया है सामाजिक सुरक्षा योजना में भी 7 लाख वृद्ध लोगों का भी नाम काटा गया है .वहीं केंद्रीय उपाध्यक्ष राम परी ने बताया कि भारत में ठेका प्रथम महिला मजदूर को सही मजदूरी से वंचित रखा जा रहा है एवं भारत सरकार के द्वारा उनके बच्चों का पढ़ाई लिखाई स्वास्थ्य सुविध से भी वंचित किया जा रहा है . वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य महासचिव सुरजीत सिंह ने बताया कि झारखंड में किसने की बदहाली चरम पर है सिंचाई फसल खरीद बिक्री का सरकार के द्वारा कोई ठोस व्यवस्था नहीं किया गया है। स्वागत अध्यक्ष श्याम सुंदर पोद्दार ने बताया कि साहिबगंज जिला सबसे पिछड़ा जिला है यहां के मजदूर काम नहीं रहने के कारण दूसरे राज्य में पलायन कर रहे हैं। मजदूर नेता मानिक दुबे ने कहा कि संथाल प्रगण में पत्थर उद्योग चल रहा है लेकिन मजदूरों को कहीं रोजगार नहीं मिल रहा है आदिवासी पलायन कर रहे हैं। जनवादी नौजवान सभा के शरीफुल इस्लाम ने बताया कि क्षेत्र में नौजवानों के पास कोई रोजगार नहीं है पढ़े लिखे नौजवान नौकरी के तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं छात्र नेता चरण कुंआई ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा का प्रिवेशन तेजी से किया जा रहा है जिससे कि मजदूर के बच्चों का पढ़ाई लिखाई पर प्रभावित हो रहा है। वही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साहिबगंज जिला सचिव कॉ असगर आलम ने कहां की महिला समिति का आठवां राज्य सम्मेलन सफल कर नई कमिटी गठन करें और आन्दोलन को तेज करें। कार्यक्रम मे बिना हेंब्रम,फुलमनी हांसदा,मनिता मालतो,जानकी,फूलन देवी,सलूनी खातून,निशा गुप्ता सहित दर्जनों महिला उपस्थित थी।

### वेयरहाउस की सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त



**साहिबगंज**:उपायुक्त हेमंत सती ने समहरणालय स्थित ईभीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की वेयरहाउस की सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।उपायुक्त ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया ।उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईभीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए ।मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू उपस्थित थी।

### विधायक के प्रयास से अमानत पियारपुर में लगा नया ट्रांसफार्मर ,प्रखंड अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



साहिबगंज/उधवा : प्रखंड अंतर्गत अमानत पियारपुर के जाहिरलाल हाजी टोला में शनिवार को एक नया बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बाबू और केंद्रीय समिति सदस्य इखलाकुर रहमान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। गौरतलब है कि उक्त गांव में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो चुकी थी। भीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को बिजली न होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था ।समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अपनी परेशानी से क्षेत्रीय विधायक एमटी राजा को अवगत कराया। विधायक ने लोगों की समस्या पर त्वरित पहल करते हुए गांव में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा दिया। नया ट्रांसफार्मर लगने और बिजली आपूर्ति बहाल होते ही ग्रामीणों में खुशी का माहौल छा गया। सभी ने इस पहल के लिए विधायक का आभार प्रकट किया। मौके पर पूर्व सोशल मीडिया सदस्य हाफिजूर रहमान, समाज सेवक नईम सेख, रफीकुल उर्फ साहेब, अब्दुल रज्जाक, जियाउर रहमान, आसराउल हक, रिजाउल हक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## भारत स्काउट एवं गाइड ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

मेट्रो रेज



**दुमकाः** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह भारत स्काउट एवं गाइड दुमका के जिला आयुक्त भुतनाथ रजवार के निदेर्शानुसार भारत स्काउट एवं गाइड, दुमका के सदस्यों द्वारा स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्यालय में मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर साल की भांति इस साल भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण के बाद स्काउट गाइड के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्य आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी ने बताया कि शहर के विभिन्न विद्यालयों के अलावे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय के स्काउट गाइड भी इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेंगे। आज के बैठक में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित प्लस टू जिला स्कूल दुमका के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा द्वारा संस्था को पाँच कुर्सी दान करने पर संस्था के तरफ से जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने उनका हार्दिक आभार प्रकट किया।बैठक में उपस्थित मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी, जिला सचिव विजय कुमार दूबे, सेवा निवृत्त शिक्षक एवं संस्था के सक्रिय सदस्य शम्भूनाथ मिश्रा, पूर्व प्रभारी प्राचार्या सह गाइड कैप्टन विभा कुमारी,प्लस टू नेशनल उच्च विद्यालय दुमका के स्काउट मास्टर संजीत चौधरी,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय काठीकुंड की वार्डेन मिठू सेन नन्दी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गोपीकांदर की वार्डेन ज्ञान प्रभा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय दुमका की शिक्षिका सह गाइड कैप्टन कुमारी अलका, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जरमुंडी की शिक्षिका सुहागिनी मराण्डी, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय कड़हलबील की शिक्षिका नीतू झा, होली फेथ स्कूल, दुमका के शिक्षक जगरनाथ मुर्मू, सहायक स्काउट मास्टर अनुराग नन्दन, सीनियर स्काउट हरिमोहन एवं आशीष कुमार ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अपने विचार प्रकट किए।

### उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की कैंप के प्रगति की समीक्षा

**दुमका**: जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से फाइनेंशियल इंक्लूजन सैचुरेशन कैंपेन के अंतर्गत जिले के सभी 206 पंचायतों में आयोजित हो रहे कैंपों की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त श्री सिन्हा ने बताया कि अब तक जिले की कुल 49 पंचायतों में कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। इन कैंपों के माध्यम से नागरिकों का बैंक खाता खोलने एवं ई-केवाईसी करवाने का कार्य किया गया है। साथ ही लोन संबंधी जानकारी, बैंकिंग सेवाएं, और विभिन्न बीमा योजनाओं की भी जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिन व्यक्तियों का अब तक बैंक खाता नहीं खुला है, उनके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत आने वाले पंचायतों में निर्धारित तिथि पर कैंप आयोजन हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान आम नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उनकी आर्थिक सुरक्षा और सरकारी योजनाओं तक सीधी पहुंच सुनिश्चित होगी।

## अपनी मांग को लेकर सहायक अध्यापक ने भाजपा विधायक को सौंपा मांग



मेट्रो संवाददाता

**बासुकीनाथः** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक सघर्ष मोर्चा के राज्य कमिटी के निर्देशनुसार शनिवार को जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के सभी सहायक अध्यापकों ने स्थानीय भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवार को उनके निजी निवास स्थान नोनीहाट में जाकर अपना माँग- पत्र सौंपा। उपस्थित सभी सहायक शिक्षक ने अपनी बात को रखते हुए भाजपा विधायक श्री कुंवर के समक्ष कहा कि यदि सरकार हमारी मांगे नहीं मानी तो 04/08/25 को एक दिवसीय विधानसभा घेराव किया जाएगा इस बार आर- पार की लड़ाई होगी। महागठबंधन की सरकार को हमें वेतनमान देना होगा। भाजपा विधायक श्री कुंवर को मांग- पत्र सौंपने वालों में सहायक अध्यापक क्रमशः मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साह, अशोक यादव, सहदेव मंडल, कारू मंडल, मदन मंडल, मनोज कुमार, मनोज माल, नरेंद्र कुमार, सुदर्शन राय, मनोज पंजियारा, विजय साह, अशोक राय सहित कई सहायक अध्यापक मौके पर मौजूद थे।

### गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर अपर समाहर्ता ने किया रामपुर दियारा का निरीक्षण

**साहिबगंज**: गंगा नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आज अपर समाहर्ता गौतम भगत द्वारा साहेबगंज जिला अंतर्गत रामपुर दियारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दियारा क्षेत्र में हो रहे कटाव तथा जलस्तर में हो रही तीव्र बढ़ोतरी का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया की रामपुर दियारा क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 25 परिवार निवास कर रहे हैं, जो संभावित बाढ़ के गंभीर खतरे की जद में हैं। उक्त परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे शीघ्रातिशीघ्र प्रशासन द्वारा बनाए गए सुरक्षित आश्रय स्थलों , विशेष रूप से आश्रम गिरी राहत शिविर – में जाकर शरण लें। उन्होंने बताया कि राहत शिविर में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे- भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा एवं बच्चों व वृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ।श्री भगत ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। जिला प्रशासन के द्वारा बाढ़ प्रभावित संभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है। और किसी भी आपात स्थिति के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था तत्परता से सुनिश्चित की जाएगी ।प्रशासन की ओर से आमजन से यह अपील की गई है कि वे सतर्क रहें।

## श्रद्धालुओं को गर्मी व उमस से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कुलिंग सिस्टम व इंद्र वर्षा की सुविधा



संवाददाता

**देवघरः** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के कई मायनों में खास है। ऐसे में इस कड़ी बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मिस्ट कुलिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, ताकि जलार्पण हेतु कतारबद्ध श्रद्धालुओं को लगातार उमस भरी गर्मी में ठंडक महसूस होती रहें। इसके अलावा मिस्ट कुलिंग सिस्टम का उपयोग जलार्पण हेतु कतारबद्ध श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु संस्कार मंडप के दोनों तलों पर किया गया है। साथ ही नेहरू पार्क होल्डिंग पॉइंट के दोनों पंडाल में मिस्ट कुलिंग सिस्टम का उपयोग किया गया है। इसके अलावे कांवरिया पथ में दुम्मा से खिजुरिया तक गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कुल 11 जहगों पर इंद्र वर्षा की व्यवस्था के अलावा आवश्यक अनुसार पानी के फुहारों व छिड़काव की व्यवस्था रुटलाइन में सुनिश्चित की गई है।

## बरहरवा सीएचसी में पहुंचे कुल 44 दिव्यांगों की हुई जांच

संवाददाता



साहिबगंज/बरहरवाःस्वास्थ्य विभाग एवं जिला विविध सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 05 वर्ष से 18 वर्ष आयु के बच्चों हेतु एक विशेष दिव्यांगता जाँच शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांगता जांच शिविर में मुख्य रूप से बरहरवा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कर्मकारप्रशिक्षित मनोविज्ञान चिकित्सा पदाधिकारीडॉ.अनीमेश नोवेल कुजूर कोटालपोखर स्वास्थ्य केंद्र नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.शहबाज हुसैनसदर अस्पताल,साहिबगंज,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.सत्य प्रकाश सदर अस्पताल, पाकुड़ शामिल रहे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा दिव्यांग बच्चों की गहन स्वास्थ्य जांच कर संबंधित दस्तावेज तैयार किए गए। हालांकि टीम के सदस्य समयानुसार नहीं पहुंचने के कारण मौजूद दिव्यांग एवं अभिभावकों में असंतोष देखा गया। परंतु दिव्यांग बोर्ड द्वारा टीम ने बड़े ही बारीकी तरीके से बरहरवा सीएचसी में पहुंचे कुल 44 दिव्यांगों का जांच किया है। बता दें दिव्यांग जांच शिविर के उपरांत दिव्यांगों के प्रमाण पत्र से विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर हो पाएंगे। वहीं बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए उक्त दिव्यांग जांच शिविर का स्थानीय लोगों ने सराहना किया है। उन्होंने बताया की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग या तो जानकारी के अभाव में या विभिन्न कामों से जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में बरहरवा सीएचसी में दिव्यांग शिविर लगाने से स्थानीय लोगों को इसका भरपूर लाभ मिला है। दिव्यांग शिविर के सफल संचालन में मुख्य रूप से बीपीएम दिनेश कुमार,बैम दिनेश कुमार,लिपिक प्रधान देवव्रत राय, बीडीएम प्रताप कुमार,पीएलभी सदस्य शुभम कुमार,विकास यादव,विकास कुमार,माहताब शेख,पवन साहा, महफूज आलम सहित अन्य का अहम योगदान देखा गया।

# यू15 सुब्रतो कप में संताल परगना की टीम चैंपियन

संवाददाता




दुमकाः 16 जुलाई 2025से राजधानी रांची के खेलगांव और बीआईटी मेसरा मैदान में जारी राज्यस्तरीय सुब्रतो मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन संथाल परगना की टीम ने 15 वर्ष से कम आयु के स्कूली बच्चों के लिए आयोजित फाइनल मुकाबले में छोटा नागपुर प्रमंडल की टीम को ट्राई ब्रेकर तक चले मुकाबले में चार-तीन से परास्त कर न सिर्फ खिताब पर कब्जा जमाया बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का भी गौरव हासिल किया। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने कोल्हान प्रमंडल को 06-01 से परास्त कर फाइनल में जगह बनाया था।

वहीं 17 वर्ष से कम आयु के स्कूली बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में संताल परगना की टीम उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल से 02-00से पराजित हो गई ।संताल परगना प्रमंडल की टीम को उपविजेता कप प्रदान किया गया ।इससे पूर्व संथाल परगना की दोनों वर्ग की टीम ने लीग चरण के मुकाबले में अपने तमाम प्रतिद्वंदियों को परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। संथाल परगना प्रमंडल के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रमंडलीय शिक्षा विभाग के तमाम आलाधिकारियों सहित तमाम शारीरिक शिक्षक,खेल पदाधिकारी और खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम और उनके कोच और मैनेजर को शुभकामनाएं दी है ।टीम मैनेजर के रूप में दुमका से शारीरिक शिक्षक अरका घोष,प्रीतम मरांडी गौतम कुमार तथा वीरेंद्र कुमार दे रांची गए थे,जब की तकनीकी पदाधिकारी के रूप में शारीरिक शिक्षक अमित कुमार और रामानंद घोष थे।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निःशुल्क टेंट सीटी में आवासन

संवाददाता



**देवघरः** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 शुरू होते हीं देवघर में कांवरियों का तांता लग गया है। ऐसे में कई बार यहां के होटलों, धर्मशालाओं इत्यादि के पूरी तरह से भर जाने से श्रद्धालुओं को आवासन हेतु इधर-उधर घुमते देखा गया है और उनकी इसी कष्ट को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा देवघर में निःशुल्क टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है, ताकि यहाँ आए कांवरियों को आवासन संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावे इस वर्ष यहां आने वाले कांवरियों हेतु बाघमारा में एक और कोठिया में दो चिन्हित स्थलों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया है। इन टेंट सिटी में थके-हारे कांवरियों को राहत मिलेगी, जिन्हें भीड़ की वजह से होटलों व धर्मशालाओं में जगह नहीं मिल पाता है। ऐसे में वे यहाँ आकर निश्चित होकर आराम कर सकेंगे। साथ हीं स्वच्छ देवघर, स्वस्थ्य देवघर को ध्यान में रखते हुए टेंट सिटी में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है एवं सभी मुलभूत सुविधाएं यथा-शौचालय, बिजली, पानी, पंखा, बेड, मोबाईल चार्जिंग, स्नानगृह, आरओ वाटर, अग्निशमन यंत्र आदि उपलब्ध करायी गयी है। वहीं इन टेन्ट सिटी में आवासन हेतु कांवरियों को किसी प्रकार का शुल्क चुकाने की आवश्यकता नहीं है, ये बिल्कुल निःशुल्क हैं। इसके अतिरिक्त टेंट सिटी में रहने वाले कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से सभी टेंट सिटी में हो रही गतिविधियों की निगरानी भी की जा रही है। साथ ही टेंट सिटी में हेल्प डेस्क का भी निर्माण कराया गया है।

# किआरा से लेकर पत्रलेखा तक इस साल ये अभिनेत्रियां बनेंगी मां

**इन** दिनों बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां प्रेगनेंट हैं। जल्द ही इनके यहां किलकारियां गूंजने वाली हैं। इन अभिनेत्रियों के फैंस इसे लेकर खुश हैं। इस साल के शुरुआत में अभिनेत्री अथिया शेट्टी के यहां बेटी हुई थी। ऐसे में कई और बॉलीवुड कपल अपने बच्चे के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। आइए जानते हैं वह कौन से कपल हैं जो इस साल पैरेंट बनने वाले हैं।



### पत्रलेखा

पत्रलेखा और राजकुमार राव जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। हाल ही में कपल ने इस बात की जानकारी दी है। वह जल्द ही अपने यहां नन्हे मेहमान का स्वागत करने वाले हैं। दोनों के पैरेंट बनने की खबर से उनके फैंस उत्साहित हैं। ऐसे में फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। राजकुमार राव ने पत्रलेखा से 2021 में शादी की थी।



### शूरा खान

अरबाज खान ने पिछले साल शूरा खान से शादी की थी। इन दिनों शूरा प्रेग्नेंट हैं। शूरा जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। अरबाज खान और उनके परिवार वाले अपने यहां नन्हें मेहमान का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। अरबाज खान ने 1998 में मलाइका अरोड़ा से शादी की थी। उनका एक बेटा अरहान खान है। दोनों का 2017 में तलाक हो गया था।



### गौहर खान

इस लिस्ट में टीवी और फिल्म एक्ट्रेस गौहर खान का नाम शामिल है। गौहर खान अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। गौहर खान ने साल 2020 में जैद से शादी की थी। 2023 में गौहर खान ने जेहान के रूप में पहले बच्चे का स्वागत किया था। इस साल गौहर अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने की तैयारी में हैं।



### किआरा आडवाणी

किआरा आडवाणी भी इन दिनों प्रेगनेंट हैं। वह सिड के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रही हैं। कपल ने इसी साल फैंस के साथ खुशखबरी साझा की थी। दोनों अपने बच्चे को लेकर काफी सजग हैं। वह अक्सर चेकअप के लिए अस्पताल जाते रहते हैं।



### मालविका राज

जो कपल इस साल पैरेंट बनने वाले हैं उनमें कभी खुशी कभी गम में छोटी पूजा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री मालविका राज का नाम भी शामिल है। इस दिनों वह प्रेगनेंट हैं। इसी साल मई में मालविका राज ने अपने पति प्रणव के साथ अपने प्रेगनेंट होने की खुशी साझा की थी।




# आशीष चंचलानी ने एली अवराम के साथ रिश्ते को किया ऑफिशियल

**यूट्यूबर** आशीष चंचलानी और अभिनेत्री एली अवराम ने रिश्ते को कंफर्म कर दिया है। इस कपल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। आशीष चंचलानी ने इंस्टाग्राम पर शनिवार को पोस्ट शेयर कर रिश्ते को कंफर्म किया। तस्वीर में आशीष एली अवराम को गोद में उठाए दिखे। एली अवराम ने हाथ में फूल लिया था। दोनों मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीर शेयर करते हुए आशीष चंचलानी ने कैप्शन में लिखा, फाइनली। पोस्ट शेयर करने के बाद आशीष के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी।

कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेता पुलकित सम्राट ने दो हार्ट इमोजी के साथ बधाई हो कमेंट किया। एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, हे भगवान। क्या तुमने सच में यह पोस्ट किया था? किसी ने लिखा, भगवान करे ये रिलेशन अच्छा चले।

कई अन्य यूजर्स ने लिखा, राधे भैया गए काम से। बता दें, आशीष चंचलानी और एली अवराम की डेटिंग को लेकर इस साल की शुरुआत में अफवाहें फैलीं। दोनों को फरवरी में आयोजित एले लिस्ट 2025 इवेंट में साथ देखा गया था। दोनों इस इवेंट में साथ नजर आए थे।

# साउथ एक्टर नानी की 'द पैराडाइज' में हुई राघव जुयाल की एंट्री



**नेचुरल** स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं आज निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। फिल्म द पैराडाइज के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। द पैराडाइज के निर्माताओं ने यह खास वीडियो आज राघव जुयाल के 34वें जन्मदिन पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। आज निर्माताओं ने एक शानदार बीटीएस वीडियो के साथ राघव की इस फिल्म में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा की है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा। राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।




# मुझे राइटिंग से हो गया है गहरा लगाव: रणदीप हुड्डा

फिल्म मेकर और एक्टर रणदीप हुडा ने बताया कि एक्टिंग उनका पहला प्यार है, लेकिन अब राइटिंग उनके लिए सबसे खुशी देने वाला हिस्सा बन गया है। रणदीप ने कहा, पिछले कुछ सालों में समय के साथ मुझे राइटिंग से गहरा लगाव हो गया है। यह मेरे लिए किसी भी रचनात्मक प्रक्रिया का सबसे अच्छा हिस्सा है। जब मैं अभिनय करता हूं, तो मैं दूसरों की लिखी कहानियों का हिस्सा बनता हूं, लेकिन लेखन मुझे वो कहानियां गढ़ने का मौका देता है, जिन्हें मैंने जिया है, देखा है या कल्पना की है। वह वर्तमान में मुंबई के वर्सोवा और आराम नगर पर आधारित छोटी कहानियों की एक सीरीज पर काम कर रहे हैं। ये कहानियां हर रविवार को सड़क किनारे बांसुरी बेचने वाले एक व्यक्ति के जीवन, शहर में संघर्षरत अभिनेताओं के सफर, कास्टिंग काउच की कठोर सच्चाइयों और कई अन्य कहानियों को छूती हैं। रणदीप ने कहा, वर्सोवा और आराम नगर मानवीय महत्वाकांक्षाओं और अस्तित्व के ऐसे खामोश रंगमंच रहे हैं, और मैं इन कहानियों को जीवंत करना चाहता था। उन्होंने बताया, हर रविवार मुझे एक बांसुरी वाला उसी कोने पर खड़ा दिखता है, जो ऐसी धुनें बजाता है जो शहर के शोर में अक्सर दब जाती हैं। उसके पीछे महत्वाकांक्षी अभिनेताओं, रोजमर्रा के संघर्षों, छोटी जीतों और दिल टूटने की दुनिया है। उन्होंने कहा, इन कहानियों को लिखने से मुझे उद्देश्य की अनुभूति होती है और हमारे आसपास की जिंदगी की परतों पर विचार करने का मौका मिलता है। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो, वह अगली बार 'मैचबॉक्स' में नजर आएंगे, जो सैम हार्ग्रेव के निर्देशन में बन रही अमेरिकी एक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म इसी नाम के मशहूर टॉय ब्रांड पर आधारित है और इसमें जॉन सीना, जेसिका बील, सैम रिचर्डसन, आर्टुरो कास्त्रो, टेयोना पैरिस, रणदीप, दनाई गुरिरा और कोरी स्टोल भी नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में रिलीज होने वाली है। रणदीप हुडा के पास 'ऑपरेशन खुकरी' नामक एक महाकाव्य युद्ध ड्रामा भी है।

# बींदणी में मेरा किरदार बाहर से सख्त और अंदर से नर्म दिल वाला है: आकाश जग्गा

**आगामी** टीवी शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी-बींदणी में एक्टर आकाश जग्गा शामिल हो गए हैं। इसकी घोषणा शो के मेकर्स ने की। वह सीरियल में लीड किरदार निभाते नजर आएंगे। वह कुंदन नाम के लड़के का किरदार निभाएंगे, जो अंदर से बहुत भावुक है, लेकिन बाहर से सख्त दिखाई देता है। शो का एक प्रोमो वीडियो रिलीज किया गया। वीडियो में राजस्थान की पंचायत दिखाई गई है। इस पंचायत में घेवर नाम की एक लड़की खड़ी है, जिसे पारिवारिक कर्ज को चुकाने के लिए पुरानी परंपरा में जबरन शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। वह इस गलत परंपरा को अपनाने से बचना चाहती है। इस दौरान कुंदन आता है और सबके सामने घोषणा करता है कि घेवर उसकी बींदणी यानी पत्नी है और उसे वहां से ले जाता है। इसके बाद कहानी में क्या होता है, वही शो को और भी दिलचस्प बनाता है। प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी एक महिला के अपने अस्तित्व को खोजने और साहस के साथ संघर्ष करने की कहानी है। शो का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर करते हुए आकाश जग्गा ने कहा, मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे सन नियो चैनल के शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी में लीड रोल मिला है। कुंदन का किरदार बहुत ही गहराई वाला है, उसमें कई भावनात्मक परतें हैं।



# तमन्ना ने स्टाइलिश तस्वीरों के साथ शेयर किया जीवन का फलसफा



**अभिनेत्री** तमन्ना भाटिया बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं जो अपने लुक और स्टाइल के लिए काफी मशहूर हैं। वह फैंस के साथ नए-नए आउटफिट में अपनी फोटो शेयर करती रहती हैं। रविवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी ऐसी ही कुछ स्टाइलिश तस्वीरें पोस्ट की, जिन पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपने खास अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने एक काले रंग की चमकीली गाउन के साथ एक कैजुअल ग्रे टी-शर्ट पहनी, जिससे उन्होंने दिखाया कि कैसे अलग-अलग चीजें भी एक साथ खूबसूरत लग सकती हैं। तमन्ना का कहना है कि उनके लिए फैशन सिर्फ नए ट्रेंड को फॉलो करना नहीं है, बल्कि यह खुद को जाहिर करने का एक तरीका है, जहां ग्लैमर और आराम, मजबूती और कोमलता का संतुलन बनता है। बाहुबली फिल्म की इस अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ स्टाइलिश तस्वीरें साझा कीं। कैप्शन में, तमन्ना भाटिया ने फैशन के साथ पहचान भी लेयरिंग की ताकत को दर्शाया। उन्होंने साझा किया कि एक काले रंग का गाउन और एक ग्रे टी-शर्ट भले ही अलग-अलग दुनिया के लगे, लेकिन उनके लिए ऐसा लगता है जैसे वे एक-दूसरे से मिलने के लिए ही बने हैं।

# शादी को लेकर समाज की सोच बदल रही: फातिमा सना शेख

**अभिनेत्री** फातिमा सना शेख ने समाज में महिलाओं और शादी को लेकर बदलते नजरिए पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि 30 साल की उम्र के बाद भी शादी न करने वाली महिलाओं को लेकर समाज में अभी कुछ हद तक पुरानी सोच बनी हुई है, लेकिन अब पहले जैसा दबाव नहीं रहा। फातिमा ने बताया कि लोग अब व्यक्तिगत पसंद और रिश्तों में बदलाव को ज्यादा स्वीकार करने लगे हैं। दंगल अभिनेत्री ने कहा कि पहले एक निश्चित उम्र तक शादी करने का दबाव ज्यादा था, लेकिन अब समय बदल रहा है और रिश्तों का मतलब भी बदल गया है। आजकल लोग खुद पर और अपने करियर पर ध्यान देना पसंद कर रहे हैं या अकेले रहने का फैसला कर रहे हैं। समाज धीरे-धीरे इसे स्वीकार करना सीख रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि अब रिश्तों का मतलब बदल गया है। कई लोग अकेले रहने में सहज हैं या दूसरी चीजों पर ध्यान दे रहे हैं। समाज इसे स्वीकार कर रहा है। मुझे नहीं पता कि यह सही है या गलत, लेकिन अब इस पर पहले जैसी पाबंदी नहीं रही। फातिमा सना शेख ने अपने पहले प्यार की याद भी साझा की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किताबों में फूल रखे या ऐसे रोमांटिक पल जिए, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, हां, बिल्कुल। उन्होंने बताया कि उनके तत्कालीन पार्टनर ने उनके जन्मदिन पर एक खास सरप्राइज प्लान किया था, जिसमें दरवाजे से कमरे तक का रास्ता फूलों से सजाया गया था। उन्होंने कहा कि चारों तरफ फूल थे और केक के आसपास मोमबत्तियां जली हुई थीं। लेकिन, यह सरप्राइज पूरी तरह वैसा नहीं रहा जैसा सोचा गया था,



# भारत-पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का मैच रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाला वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्लूसीएल) का मैच रद्द कर दिया गया है। कई भारतीय खिलाड़ियों के मैच से नाम वापस लेने के बाद आयोजकों ने यह फैसला किया। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के आयोजकों ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाला मैच रद्द कर दिया गया है। डब्लूसीएल ने भारतीय खिलाड़ियों और फैंस से अनजाने में भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी है। भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद डब्लूसीएल को यह कदम उठाना पड़ा।टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी रहे युवराज सिंह की कप्तानी में इंडिया चैंपियंस का अगला मैच 22 जुलाई को साउथ अफ्रीका के साथ होगा।

पाकिस्तान के साथ रविवार को होने वाला मैच भारत का इस टूनामेंट में यह पहला मुकाबला था। भारतीय टीम में हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायुडू जैसे भारत के कई पूर्व स्टार खिलाड़ी हैं। इनमें से ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ मैच खेलने को लेकर इनकार करते हुए अपना नाम वापस ले लिया




# बारिश से बाधित दूसरे एकदिनी में इंग्लैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिला टीम को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस जीत में इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। बारिश के चलते मैच को 29 ओवर प्रति पारी तक सीमित कर दिया गया था। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टीम इंडिया की शुरूआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल सिर्फ 3 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर मात्र 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। स्मृति मंधाना ने अनुभव का परिचय देते हुए 42 रनों की अहम पारी खेली, जबकि दीप्ति शर्मा ने अंत तक टिके रहकर नाबाद 30 रन बनाए। हालांकि मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया, और भारतीय टीम 29 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन ही बना सकी।

# कलेक्टर ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण किसानों से ली फसल क्षति की जानकारी

एजेंसी

**शिवपुरी :** जिले में लगातार हो रही अधिक वर्षा से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान और नागरिकों को आ रही समस्याओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने नरवर तहसील मगरौनी के ग्राम निजामपुर और खिरिया, तहसील करैरा के ग्राम नरौआ तथा नरवर नगर के वार्ड क्रमांक 12 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों, रास्तों, स्कूल भवनों और बस्तियों की स्थिति देखी ग्रामीणों से बातचीत कर उनके सुझाव भी सुने। निरीक्षण की शुरूआत ग्राम निजामपुर से हुई, जहां कलेक्टर चौधरी ने कृषक सुगर सिंह और



बाबू सिंह कुशवाह के खेतों में जाकर धान की फसल की स्थिति देखी। किसानों ने बताया कि खेतों में ह्यशुंगधाह्ल किस्म की धान लगी है और उन्हें सोसायटी से खाद मिल रही है। इसके बाद वे ग्राम खिरिया पहुंचे, जहां उन्होंने कृषक दिनेश परिहार के खेत में जाकर धान की फसल का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया कि उन्हें डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है, जिस पर कलेक्टर ने सुझाव दिया कि किसान एनपीके खाद का उपयोग कर सकते हैं, जो उसके बराबर प्रभावी है। खिरिया गांव में किसानों ने बताया कि बारिश में पुलिया पर ग्रामीणों पानी भर जाता है जिससे आने जाने में परेशानी होती है, गांव डिगवास को जोड़ने वाला एकमात्र कच्चा मार्ग भी बाधित हो जाता है। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से मध्यान्ह भोजन की स्थिति भी जानी, जिस पर बच्चों ने बताया कि भोजन नियमित मिल रहा है। स्कूल भवन की मरम्मत की आवश्यकता पर उन्होंने एसडीएम को शीघ्र जीर्णोद्धार का कार्य कराने को कहा। वहीं उचित मूल्य दुकान से राशन वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली गई, जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि राशन समय पर मिल रहा है। ग्राम नरौआ में कलेक्टर ने कृषक राजेन्द्र रावत के खेत में लगी मूंगफली की फसल का निरीक्षण किया और खेत में हुई क्षति की जानकारी पटवारी से लेने को कहा। ग्रामीणों ने अपने कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी, जिस पर सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद कलेक्टर नरवर में वार्ड क्रमांक 12 में किले से लगे इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने पानी से हुई क्षति से सड़कों की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। किले के ऊपरी हिस्से से आने वाले पानी की दिशा और बहाव को भी देखा गया, जिससे निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति बनती है। कलेक्टर ने नगर की मुख्य सड़क के चौड़ीकरण पर भी चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रविवार को अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें, वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पटना में बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित उत्तर बिहार के 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**पटना :** बिहार के कई जिलों में हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित है। गंगा, सोन समेत राज्य की प्रमुख नदियां उफान पर हैं, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को राज्य के उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर सहित उत्तर बिहार के 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। रविवार को उत्तर बिहार के कई जिलों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ वज्रपात की



आशंका जताई गई है। मुजफ्फरपुर के ऊपर से इस समय मानसून ट्रफ गुजर रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में व्यापक वर्षा और गरज-चमक के साथ आंधी आने की संभावना है। इस क्षेत्र में वायुमंडलीय दबाव कम होने के कारण बादलों का तेज जमाव हो रहा है। पटना में रविवार को सुबह से हल्की बारिश जारी है। हालांकि तापमान में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1.7 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 56% आर्द्रता के साथ लोगों को भीषण उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। बीते दो दिनों में राज्यभर में बारिश लगभग नहीं के बराबर रही, जिससे तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

## ग्वालियर के सभी डाक घर होने जा रहे आधुनिक, आईटी 2.0 एप्लीकेशन से बदल जाएगा, लेनदेन का तरीका

एजेंसी

**ग्वालियर :** देश भर में कई जगह डाकघरों में रोजमार्रा के कार्य करने के तरीके को तेज करने के लिए इन दिनों परिवर्तन चल रहा है। जिसमें कि मप्र के अनेक जिले भी शामिल हैं। डाक विभाग एक बड़ा तकनीकी बदलाव कर रहा है। आईटी 2.0 एप्लीकेशन के माध्यम से वह अपने को अपग्रेड कर रहा है। राज्?य में 22 जुलाई से इस नई आईटी 2.0 एप्लीकेशन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा।जिसमें कि ग्वालियर-चंबल संभाग के 312 डाकघरों में ये नया एप्लीकेशन परिवर्तन पांच अगस्त से प्रभावी रूप से कार्य करता हुआ दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के नौ हजार से अधिक डाकघरों में आईटी




2.0 एप्लीकेशन की शुरूआत हो रही है, जिसमें से कुछ में अभी काम हो चुका है और कुछ में अभी काम जारी है। इस एप्लीकेशन के डाकघर में लागू होते ही वहां पर कार्य करने का तरीका परिवर्तति हो जाएगा, उसमें तेजी देखने को मिलेगी। क्योंकि नई तकनीक से सर्वर संबंधी समस्याएं दूर हो जाएंगी, जैसा कि डाकविभाग द्वारा दावा किया गया है। रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट के लिए ग्राहकों को ओटीपी मिलेगा। कर्मचारियों का भी बहुत समय बचेगा। इस संबंध में ग्वालियर के मुख्य डाकघर महाराज बाड़ा पोस्टमास्टर एमएस लोधी ने जानकारी दी कि पांच अगस्त को एक नए सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन पर कार्य शुरू होगा। अभी के सिस्टम में ग्राहक हस्?ाक्षर अनिवार्य है, जबकि नए के लॉन्च होने के बाद ग्राहक के पास ओटीपी पहुंचने एवं उसकी स्वीकृति से डिजीटली तुरंत काम बन जाएगा और उक्त ओटीपी के द्वारा भी डाक डिलीवर किया जा सकेगी। थर्मल प्रिंटर से प्रिंटिंग होगी। समय पर डाक पहुंचे यह ग्राहक और डाक विभाग दोनों को ऑनलाइन हमेशा दिखेगा। गौरतलब है कि आईटी 2.0 डाक विभाग की अगली पीढ़ी की डिजिटल प्रणाली है, जिसमें मोबाइल ऐप्स के माध्यम से डिपार्टमेंटल एवं जीडीएस कर्मचारी अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे डेली लॉगइन, मेल बुकिंग, लेन-देन, डे-बिगिन/डे-एंड प्रक्रियाएँ, राष्ट्रीय और स्थानीय लेन-देन इत्यादि संभाल सकते हैं?।

## ऑपरेशन सिंदूर की मार से पाकिस्तान से ज्यादा गांधी परिवार 'कराह' रहा : केशव प्रसाद मौर्य



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के हल्के नेता राहुल गांधी को भारत की चिंता कम, पाकिस्तान की फि क्र ज्यादा रहती है। तभी, ऑपरेशन सिंदूर की मार से पाकिस्तान से ज्यादा तो गांधी परिवार 'कराह' रहा है।उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि भारतीय सेना का बार-बार अपमान कांग्रेस इसलिए करती है ताकि पड़ोसी भाईजान पाकिस्तान को खुश किया जा सके।दरअसल, सत्ता की बेदखली ने कांग्रेस की मति मार दी है। इसलिए वह दुनिया के ऐसे भ्रमित नेताओं की ओट लेने को मजबूर है जो अपने बयानों पर स्थिर नहीं रहते हैं। अपने गांधी की तरह कतई वह भी अस्थिर चित्त वाले हैं। सच यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने केवल पाकिस्तान ही नहीं बल्कि दुनिया के उन नेताओं की भी नींद उड़ा दी है जो अपने को तुर्रमखां समझते थे।

## 21 जुलाई की तैयारियों के बीच उत्तर बंगाल में तृणमूल को झटका, 100 परिवारों ने थामा भाजपा का दामन

एजेंसी

**अलीपुरद्वार :** जब पूरे राज्य में तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई की शहीद दिवस रैली की तैयारियों में व्यस्त है, उसी समय उत्तर बंगाल से पार्टी के लिए एक बड़ा झटका सामने आया है। अलीपुरद्वार जिले के कुमारग्राम ब्लॉक के बारोबिशा इलाके में शनिवार शाम आयोजित भाजपा की एक जनसभा में तृणमूल कांग्रेस छोड़कर करीब 100 परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिठू दास ने नये सदस्यों को पार्टी का झंडा सौंपा। कार्यक्रम में कुमारग्राम से भाजपा विधायक मनोज कुमार उरांव भी मौजूद थे। जब एक ओर तृणमूल समर्थक और कार्यकर्ता



21 जुलाई की रैली में शामिल होने के लिए कोलकाता की ओर रुख कर रहे हैं, उसी समय उत्तर बंगाल में भाजपा का यह जनसंपर्क और सदस्यता अभियान राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष मिठू दास ने कहा कि 100 से भी अधिक परिवार आज भाजपा में शामिल हुए हैं। ये सभी प्रधानमंत्री मोदीजी के हाथ मजबूत करने आए हैं। यह साफ संकेत है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल को इस इलाके से एक भी सीट नहीं मिलेगी। इस बड़े पैमाने पर हुए समर्थन से भाजपा की नींव और मजबूत हुई है। यह राजनीतिक घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब तृणमूल कांग्रेस सोमवार को शहीद दिवस मना रही है, और आगामी विधानसभा चुनाव से पहले यह पार्टी का अंतिम शहीद दिवस आयोजन है। रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका और उनका संदेश तृणमूल समर्थकों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

# वारा  सी में गंगा ने धार  ा किया रौद्र रूप, जलस्तर चेतावनी बिंदु के करीब, प्रशासन अलर्ट

एजेंसी

**वाराणसी :** वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे शहर के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गंगा और वरुणा नदियों की लहरें अब रौद्र रूप धारण कर चुकी हैं। तटवर्ती क्षेत्र में जनजीवन ठहर सा गया है। मणिकर्णिका घाट की गलियों में नौका चलने की नौबत आ गई है, वहीं जलस्तर चेतावनी बिंदु से महज कुछ सेंटीमीटर दूर पहुंच गया है। जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और जल पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद हैं और प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी है।



गंगा का जलस्तर खतरे की ओर बढ़ता हुआ

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शनिवार रात 10 बजे तक वाराणसी में गंगा का जलस्तर 70.06 मीटर तक पहुंच चुका था। रविवार सुबह यह बढ़कर 70.13 मीटर दर्ज किया गया, जबकि चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। जलस्तर में औसतन एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से वृद्धि हो रही है, जिससे हालात और गंभीर हो सकते हैं। तहसील सदर के रामपुर ढाब और शहर के वरुणा नदी के किनारे बसे सात मोहल्ले झ्र सलारपुर, सरैया, नक्खीघाट, ढेलवरिया, दनियालपुर, हुकुलगंज और बड़ी बाजार झ्र सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, अब तक कुल 221 परिवार विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें से 97 परिवार (492 लोग) राहत शिविरों में और 124 परिवार (587 लोग) अन्य सुरक्षित स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। शहर में चिन्हित 46 राहत शिविरों में से 10 क्रियाशील हैं, जिनमें प्रमुख रूप से प्राथमिक विद्यालय, सलारपुर,मदरसा बटलोहिया, नक्खीघाट,राम जानकी मंदिर, ढेलवरिया,दीप्ती कॉन्वेंट स्कूल, हुकुलगंज,सिटी गर्ल्स स्कूल, बड़ी बाजार,प्राथमिक विद्यालय रामपुर ढ़ाब है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 10 नावों के जरिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। गंगा के बढ़ते जलस्तर से मणिकर्णिका घाट और हरिश्चंद्र घाट पर अंतिम संस्कार में परेशानी हो रही हैं। मणिकर्णिका घाट की गलियों में पानी भरने से शवों को नाव से ऊपरी प्लेटफॉर्म तक पहुंचाया जा रहा है। हरिश्चंद्र घाट की गलियों में ही शवदाह किया जा रहा है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार की सीढ़ियों तक भी पानी पहुंच गया है, जहां अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। दशाश्वमेध घाट स्थित जल पुलिस कार्यालय पहले ही डूब चुका है। अस्सी घाट की सीढ़ियों को पार करते हुए गंगा का पानी अब गलियों तक पहुंच चुका है, जहां नियमित सायंकालीन गंगा आरती का आयोजन अब गलियों में ही किया जा रहा है। सामने घाट पर निमार्णाधीन घाट जलमग्न हो गया है, जबकि मारुति नगर कॉलोनी में पीछे की ओर से पानी प्रवेश कर गया है। सारनाथ के पुलकोहना क्षेत्र में भी वरुणा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण नालों के जरिए बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच रहा है। लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर रहकर अपने घरों की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है और जलस्तर पर नजर रखते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। जल पुलिस, एनडीआरएफ, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री योगी ने गाजियाबाद के श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर में की पूजा अर्चना



**लखनऊ/गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पवित्र श्रावण मास में जनपद गाजियाबाद स्थित श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के प्रवक्ता महंत नारायण गिरि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिल्ली दौरे पर थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की थी। दिल्ली दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद स्थित श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने कांवड़िया शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा भी की।

### दो भाइयों ने की पड़ोसी युवक की हत्या, एक गिरफ्तार

**रायपुर :** रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के भवानी नगर में शनिवार रात दो सगे भाईयों ने पड़ोस में रहने वाले युवक की हत्या कर दी। आरोपितों ने मृतक को उनकी गैरमौजूदगी में बार-बार घर आने से नाराज हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आज रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुनील राव आपराधिक प्रवृति का था, वह आर्म्स एक्ट में दो बार जेल भी जा चुका है। भवानी नगर में चार भाई अपनी मां के साथ रहते थे। इनमें ओमप्रकाश की शादी हो चुकी है। मृतक सुनील राव चारों भाईयों की गैरमौजूदगी में घर आता-जाता रहता था। इसी को लेकर ओमप्रकाश और राहुल यादव ने सुनील को घर आने से मना कर दिया, मना करने के बावजूद भी मृतक ओमप्रकाश के घर आता जाता रहा। शनिवार रात मौका पाकर दोनों भाईयों ने गैती और लोहे की रॉड से हमला कर सुनील की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित ओमप्रकाश यादव मौके से फरार हो गया, वहीं पुलिस ने दूसरे भाई राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### विदिशा में लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार, गिरोह की मुख्य साजिशकर्ता फरार

**विदिशा, :** विदिशा जिले की आनंदपुर पुलिस ने एक फर्जी शादी कर ग्रामीण को ठगने वाली लुटेरी दुल्हन और उसके साथी को गिरफ्तार कर एक बड़ी ठगी का खुलासा किया है। आरोपियों ने शादी का झांसा देकर युवक से ? 1,19,000 की ठगी की थी। गिरोह की मुख्य साजिशकर्ता महिला पूजा शर्मा फिलहाल फरार है। आनंदपुर के ग्रामीण इलाके के राम भरोसे रजक अपने बेटे की शादी के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान एक रिश्तेदार के माध्यम से उनकी बात उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर की एक महिला पूजा शर्मा से हुई। पूजा ने एक पूजा नाम की युवती को अपनी रिश्तेदार बताकर शादी कराने का प्रस्ताव दिया। इसके बदले राम भरोसे ने ?1,19,000 नगद व फोनपे के माध्यम से चुकाए। इसके बाद सिरोंज में दोनों पक्षों के बीच कागजी कार्रवाई कर जितेन रजक और पूजा की शादी करवाई गई। शादी के बाद दुल्हन घर आई, लेकिन अगली ही रात मौका देखकर फरार हो गई। घरवालों ने जब बहू को घर में नहीं पाया, तो आसपास तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। समय रहते पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करते हुए लुटेरी दुल्हन पूजा और उसके सहयोगी ओमप्रकाश रजक को रास्ते से ही पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया और पुलिस ने ठगी की रकम में से उनका हिस्सा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने जब लुटेरी दुलहन से पूछताछ की तो पता चला की उसका असली नाम दुर्गीमनी मरांडी है , शादी के लिए उसने अपना नाम पूजा रखा था । पुलिस का कहना है कि इस पूरे ठगी रैकेट की मास्टरमाइंड महिला पूजा शर्मा अब भी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पेडल थ्रू पैराडाइज साइक्लोथॉन में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया

**श्रीनगर :** रविवार को जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस द्वारा आयोजित पेडल थ्रू पैराडाइज साइक्लोथॉन में सैकड़ों साइकिल प्रेमियों ने भाग लिया जिससे डल झील का शांत वातावरण ऊर्जा और उत्साह से भर गया। यह आयोजन जो अब एक वार्षिक परंपरा बन गया है में दस से साठ वर्ष की आयु के सभी वर्गों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रसिद्ध डल झील के आसपास के मनोरम मार्ग पर साइकिल चलाते देखा गया। इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य लोगों में फिटनेस, स्वस्थ जीवन और सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना था। मीडिया को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद जैन ने कहा कि साइकिल थ्रू पैराडाइज हमारा वार्षिक कार्यक्रम है। हर साल जम्मू-कश्मीर पुलिस इस साइकिल रेस का आयोजन करती है। इसमें सभी वर्गों के 5 से 60 वर्ष की आयु के लोग भाग लेते हैं। इससे यह संदेश जाता है कि हमें अपनी फिटनेस बनाए रखनी चाहिए। यह युवाओं के लिए भी एक संदेश है कि वे अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाएँ। विशेष रूप से सक्षम महिलाओं और पुरुषों ने भी अच्छी संख्या में भाग लिया। सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

### नशे में मछली पकड़ने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत

**महोबा :** शराब के नशे में मछली पकड़ने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाल पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम करा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के उटियां गांव निवासी राजेश (30) डंपर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार को भाई राकेश कुमार ने बताया कि राजेश मछली पकड़ने गांव के तालाब गया जहां नशे की हालत में वह मछली पकड़ने के लिए गहराई में चला गया और डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने जब युवक को डूबते देखा तो बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। तब पुलिस व स्थानीय गोताखोरों को सूचना दी गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने राजेश को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया का कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ



## निदेशक ने किया रायडीह प्रखंड का निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

**गुमला :** जिला उपायुक्त के निदेर्शानुसार निदेशक, जिला ग्रामीण विकास शाखा, गुमला द्वारा रायडीह प्रखंड का भ्रमण किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया तथा वहां भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित आवेदक कंदरा साहू द्वारा बताया गया कि उसका प्रकरण सिविल न्यायालय में लंबित है एवं न्यायनिर्देश प्राप्त है, ऐसे में सत्यापित प्रति प्रस्तुत करने के लिए 15 दिनों का समय दिए जाने का अनुरोध किया गया, जिसे यथोचित स्वीकार किया गया। एक अन्य वाद में आवेदक ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु के पश्चात उसे भूमि की जानकारी नहीं थी, लेकिन वर्ष 1985 में उस भूमि की खरीद हुई थी। भूमि का म्यूटेशन नहीं कराया गया है, जबकि जमीन उसके कब्जे में है। आपत्ति अन्य व्यक्ति द्वारा दर्ज की गई है जो प्रत्यक्ष विवादित पक्ष नहीं है और जिसके विरुद्ध कोई मामला नहीं लड़ा गया है। इस मामले में एक सप्ताह की समयसीमा प्रदान करते हुए संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। निदेशक द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त सभी मामलों का निष्पादन विधिसम्मत एवं पारदर्शी रूप से सुनिश्चित किया जाए।

भ्रमण के दौरान निदेशक द्वारा मनरेगा एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस क्रम में संबंधित बीपीओ एवं प्रखंड समन्वयक से अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत चेकर वेरिफिकेशन की प्रगति को और बेहतर करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात क्षेत्र भ्रमण करते हुए निदेशक द्वारा मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं जैसे आम बागवानी, कुआं एवं दीदी बाड़ी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान योजनाओं की गुणवत्ता, प्रगति एवं लाभुकों की भागीदारी की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त योजनाओं से संबंधित स्थल पर लगाए गए सूचना बोर्डों की स्थिति की भी समीक्षा की गई एवं उनमें सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया।

निदेशक ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का संचालन जनहित को सर्वोपरि रखते हुए समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए तथा लाभुकों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित हो।

## मोटरसाइकिल चालकों से काटा गया 60 हजार का चालान



**गुमला :** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गुमला के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप द्वारा पालकोट थाना में मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान ड्राइवरो को जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने 60 लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया इस दौरान आये लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जांच की इस प्रक्रिया में दंड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 60,000 दंड राशि वसूला गया।

## यौन शोषण का आरोपी खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मासी गुड़िया बरी



**खूंटी:** खूंटी जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया को रांची जिले के चुटिया थाने की पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से शनिवार को जिला परिषद में स्थित उनके चेम्बर से गिरफ्तार किया गया था जानकारी अनुसार मसीह गुड़िया के खिलाफ रांची जिले के चुटिया थाने में एक महिला ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। इससे पूर्व महिला अपनी शिकायत लेकर खूंटी पुलिस के पास पहुंची थी, लेकिन मामला रांची जिले से संबंधित था। इस कारण महिला के आवेदन को रांची एसएसपी कार्यालय भेज दिया गया था। इधर रांची पुलिस ने जांचोपरांत चुटिया थाना में महिला के आवेदन के आलोक में केस चुटिया थाना में दर्ज कर लिया गया था। जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया शुक्रवार को देर शाम कोर्ट ने बरी कर दिया मासी गुड़िया पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर मलयार्पणकर अपना कार्यालय पहुंचा जहां कार्यकताओं ने उन्हें स्वागत करते हुए उन्हें माल पटाया गया और उन्हें बधाई दी गई। ही कार्यकरता को इसकी जानकारी मिलते ही खुशी का लहर देखने को मिला जेल से निकलने के बाद परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया कहा की हमेशा सत्य की जीत होती उन्होंने कहा की सत्य को परेशान किया जा सकता है लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता हैं जनता की दुवाए थी जो आज हम जेल से बाहर आए हम जनता के लिए काम करते हैं और जनता का सेवा के लिए अगर हमको 10 बार जेल जाना पड़े तो जाएंगे मासी गुड़िया यह भी कहा कि यह राजनीतिक है बहुत दिनों से मेरे पीछे लोग लगे हुए हैं मुझे षड्यंत्र के तहत हास्य गया और मेरे सदस्य को भी भयभीत करने का कोशिश किए लेकिन जनता जानती है आने वाले समय में जनता सब का जवाब देगी।

# अंचल दिवस का स्वरूप अब और होगा व्यापक : उपायुक्त

### विशेष अंचल दिवस पर उपायुक्त ने की समस्याओं की सुनवाई, मौके पर ही 116 मामलों का हुआ निष्पादन

संवाददाता




**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल से जिले में प्रत्येक शनिवार को अंचल दिवस का आयोजन किया जा रहा है ताकि आमजन की जमीन, म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में आज गुमला अंचल कार्यालय में विशेष अंचल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्वयं भाग लिया और सभी आवेदकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए समस्याओं की जानकारी ली।

आज आयोजित कार्यक्रम में जमीन विवाद, म्यूटेशन, सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण पत्र से जुड़े कई प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने न सिर्फ सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना, बल्कि जिन मामलों का निपटारा मौके पर संभव था, उनका निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। जिन मामलों में कुछ और जांच की आवश्यकता थी, उसके लिए अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए स्पष्ट कहा गया कि किसी भी भूमि विवाद या नागरिक समस्या के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। अंचल दिवस के दौरान उपायुक्त ने पारिवारिक व आपसी भूमि विवादों के संबंध में आवेदकों को बताया कि ऐसे मामलों के समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह की 26 तारीख को थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि इस तिथि को वे संबंधित थाना में पहुंचकर आपसी सहमति से समाधान की दिशा में आगे बढ़ें।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की कि अंचल दिवस का स्वरूप अब और व्यापक होगा। उन्होंने कहा अब हम अंचल दिवस को एक समग्र समाधान मंच के रूप में विस्तारित कर रहे हैं। इसमें सिर्फ जमीन से जुड़ी समस्याएं नहीं, बल्कि बैंक खातों के फ्रीज होने, चापाकल की मरम्मत , सेविका-सहायिका चयन में समस्याएं, ट्रांसफॉर्मर बदलाव, आधार अद्यतन और ई-केवाईसी, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा या आपदा से जुड़े लंबित दावे जैसे मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। आगामी अंचल दिवस अब संपूर्ण लोक समस्या निवारण दिवस के नाम से जाना जाएगा। आज के कार्यक्रम के दौरान कुल 151 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 116 मामलों का निपटारा मौके पर ही किया गया जबकि शेष 35 मामलों की जांच कर शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। उपस्थित नागरिकों को इस बात की विशेष संतुष्टि रही कि वर्षों से लंबित कई विवादित मामलों का भी आज समाधान हो सका। इनमें संजय उरांव बनाम बबीता देवी मामले में मकान निर्माण को लेकर भूमि विवाद का समाधान किया गया। वहीं ग्राम करंज टोली की अंजना तिर्की एवं ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक तालाब पर हुए अतिक्रमण की शिकायत का भी निष्पादन किया गया।

उपायुक्त द्वारा मौके पर ही 54 विभिन्न प्रकार के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें प्रवेश-अस्वीकृति पत्र, पारिवारिक सूची, भू-धारण प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड और सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र शामिल थे। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि उनके गुमला में योगदान के बाद जब उन्होंने जनता दरबार आयोजित किया, तब उन्हें यह महसूस हुआ कि सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद और म्यूटेशन से संबंधित हैं। इन्हीं समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से उन्होंने अंचल दिवस की पहल की, जिससे जनता को जिला कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े और वे अपने प्रखंड स्तर पर ही समाधान पा सकें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने प्रखंड कार्यालय से नियमित संपर्क बनाए रखें, वहां उपस्थित अधिकारियों से सहयोग प्राप्त करें और किसी समस्या के समाधान में यदि स्थानीय स्तर पर अड़चन हो, तभी जिला कार्यालय आएं। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की कोशिश यही है कि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर समाधान मिले और प्रत्येक समस्या के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित हो। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज और अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने भी लोगों को संबोधित करते हुए भूमि विवादों से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी और समझाइश के माध्यम से समाधान की अपील की। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# वाहन चोरी गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

### चोरी के तीन बोलोरो सहित किराना के समान बरामद



संवाददाता

**गुमला :** जिला पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार आरोपियों के पास से चोरी के तीन बोलोरो ( पिकअप ) वाहन और किराना का सामान बरामद किया गया है। गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में हुलसी निवासी पूनई उरांव ( 26 ) मासू निवासी कलेश गोप (36) और कटर माली बेडो निवासी मनोज महली (38) शामिल हैं, पुलिस ने इनके पास से तीन बोलेरो बरामद किया है।

एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि मनोज उरांव और पुनई उरांव के खिलाफ इटकी, नगडी, और बेडो में पहले से कई मामले दर्ज हैं, उक्त वाहन चोर गिरोह रांची गुमला समेत कई जिलों में सक्रिय था, पुलिस और सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। 12 जुलाई 2025 को सिसई थाना क्षेत्र से किराना राशन सामान से भरे पिकअप गाड़ी की चोरी की गई थी, और उक्त पिकअप गाड़ी के चालक दिलीप सिंह से मारपीट कर उक्त पिकअप गाड़ी को छीन लिया था, उक्त चालक के शिकायत पर एसपी ( पुलिस कप्तान हरिश बिन जामाँ ) महोदय के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया और पुलिस अनुसंधान के दौरान उक्त चारो आरोपियों को उसके निशानदेही पर पिकअप वाहन उक्त और किराना के सामान बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि 6 महीने के अंदर स्कॉर्पियो पिकअप वाहन सहित कई वाहनों की चोरी हुई थी।



## कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**खूंटी:** विश्व हिंदू परिषद (विहिपि) द्वारा खूंटी के सुभाष चौक के समीप एक विशाल भगवा झंडा लगाया गया। इसके साथ ही संगठन ने खूंटी से देवघर जाने वाले सभी शिव भक्तों का स्वागत किया। इस अवसर पर विहिपि के जिला अध्यक्ष विनोद जायसवाल, उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, बजरंग दल संयोजक मुकेश कुमार जायसवाल, जिला सह मंत्री एमपी सिंह, ओम भला, संजय चौरसिया सहित कई पदाधिकारी और शिव भक्त मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शिव भक्तों के सफल और सुखद यात्रा की कामना की तथा सामाजिक सद्भाव और धार्मिक एकता का संदेश दिया। विहिपि के पदाधिकारियों ने कहा कि यह झंडा हिंदू संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है और इसके माध्यम से लोगों को प्रेरणा मिलती है। इस दौरान सभी शिव भक्तों को जलपान कराया गया और उन्हें देवघर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस आयोजन से शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# शहर में नशे में धुत्त केटीएम बाइक चालकों का आतंक

### 2 साल की मासूम बच्ची सहित 3 लोगों को किया घायल



**खूंटी :** नशे की हालत में केटीएम बाइक चलाते हुए दो युवकों ने सड़क दुर्घटना को अंजाम दिया जिससे कोहराम मच गया। बाइक सवार इन युवकों ने लगातार तीन वाहनों को टक्कर मारी, जिसमें एक 2 साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

नीचे चौक के पास नशे में धुत्त बाइक सवारों ने एक वाहन को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया।

संतुलन खोने के बाद उन्होंने दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी। फिर भागने की कोशिश में साहू तालाब के पास उन्होंने एक स्कूटी सवार को भी जोर से टक्कर मारी।

इस हादसे में मासूम बच्ची की गंभीर चोट आई है, जबकि एक महिला का हाथ टूट गया वही दो लोगों को भी गंभीर चोट आई है।

टक्कर के बाद तीनों पीड़ितों को खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सबसे चिंताजनक हालत 2 साल की बच्ची की है, जिसके सिर में गंभीर चोट आई है। उसका सीटी स्कैन किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायलों के परिजनों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उनका कहना है कि ऐसे लोगों की वजह से मासूमों की जान खतरे में पड़ जाती है। खूंटी पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर नशे में वाहन चलाने की मनमानी और उसके खतरों को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से ऐसे मामलों में सख्ती बरतने की अपील की है।

## कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय के 10 वर्ष पूरे होने पर जनभागीदारी पहल का आयोजन



**रांची:** केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के स्वर्णिम दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में कौशल का दशक/जनभागीदारी पहल 15 से 21 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), खूँटी द्वारा आज एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो शहीद भगत सिंह चौक से शुरू होकर बिरसा कॉलेज प्रांगण में संपन्न हुआ। जेएसएस के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में कौशल विकास योजनाओं ने आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है, जिसमें युवाओं का योगदान सर्वाधिक रहा है। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई (कौशल दिवस) की थीम युवा सशक्तिकरणः अक और डिजिटल कौशल के माध्यम से के अनुरूप युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना जरूरी है।

**आज का युवा सिर्फ नौकरी नहीं, रोजगार सृजन भी कर रहा हैः** शर्मा जोर देकर कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और मेंटरशिप के अवसर देकर ही रचनात्मक समस्य का समाधान होगा।

जेएसएस ने 2018 से 2025 के बीच ग्रामीण और वंचित वर्गों के 30 लाख से अधिक लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है। यह संस्थान कौशल विकास को जमीनी स्तर तक पहुँचाकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर बिरसा कॉलेज प्रांगण में स्वच्छ भारत, कुशल भारत थीम के तहत स्वच्छता पखवाड़ा (16-31 जुलाई) का आगाज किया गया। सभी ने स्वच्छता और कौशल दोनों में अग्रणी के संकल्प के साथ सफाई अभियान चलाया और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया।

कार्यक्रम में सुरेश टोप्पो (डीआरडीए, झारखंड सेवा विभाग), राजेश कुमार महतो (संकल्प इंस्टीट्यूट), पंकज कुमार नाग (नॉलेज हब) सहित 120 प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम ऑफिसर सुब्रत सेन प्रधान, सहायक प्रोग्राम ऑफिसर कुमार शशि कुमार, प्रभावती कुमारी, लेखा अधिकारी निकुंज तोपनो, एमआईएस राजीव कुमार, मोबिलाइजर धर्मेंद्र मुंडा और दशाय नाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

टीबी मुक्त भारत अभियान 2025

# घर-घर जाकर की जा रही जांच, लोगों को किया जा रहा जागरूक

### गुमला में 15 से 18 जुलाई के बीच 5,312 नागरिकों की स्क्रीनिंग पूरी



**गुमलाः** टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के तहत गुमला जिले में चल रहे विशेष जागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान ने प्रारंभिक चरण में ही उल्लेखनीय गति पकड़ ली है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में 15 जुलाई से जिले भर में प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत अब तक 5,312 नागरिकों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

अभियान के पहले चार दिन (15 से 18 जुलाई) में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांव-गांव, टोला-टोला जाकर घर-घर स्क्रीनिंग की जा रही है। संभावित मामलों की पहचान कर प्राथमिक जांच, एक्स-रे, बलगम संग्रहण एवं सीबीएनएएटी परीक्षण की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि दिसंबर 2025 तक गुमला को टीबी मुक्त घोषित करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अभियान को जनआंदोलन के रूप में संचालित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य केवल विभागीय कार्रवाई नहीं, बल्कि नागरिक सहभागिता पर आधारित सामूहिक प्रयास है, जिसमें सभी पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालयों, धार्मिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अब तक के अभियान में जिले के 12 प्रखंडों में गठित माइक्रोप्लान टीमों द्वारा न केवल स्क्रीनिंग की जा रही है, बल्कि टीबी प्रचार रथों, लाउडस्पीकर प्रचार, दीवार लेखन एवं स्कूल स्तरीय जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जानकारी भी दी जा रही है।

## आईपीवीटीजी समुदाय के शत-प्रतिशत आधार कवरेज को लेकर विशेष अभियान जारी

**गुमला :** गुमला जिले के आईपीवीटीजी समुदाय को आधार सुविधा से शत-प्रतिशत आच्छादित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार 16 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक जिले की सभी ढशळऋपंचायतों में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जारी, बिशुनपुर, डुमरी, घाघरा, कामडारा, रायडीह, गुमला एवं चैनपुर प्रखंड अंतर्गत 11 पीवीटीजी पंचायतों– जैसे जरदा, चिरोडीह, जुर्मू, दीगाओं, रोडवा, पिबो, गुमला नगर व बारडीह–में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से 79 नए आधार नामांकन एवं 60 आधार अद्यतन सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए।